संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

03 जुलाई 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 279

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


## लालू-राबड़ी ने खाली किया सरकारी आवास

**पटना ।** पटना में राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार ने 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अब कौटिल्य नगर स्थित अपने नए आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में खुलासा

# बिना जांच-पड़ताल के रखे गए कर्मचारी रोज गायब होते थे डेढ़-दो लाख रुपए

### आरोपियों के घरों पर चलेगा बुलडोजर, पाई-पाई का होगा हिसाब



एजेंसी

**अयोध्या ।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में एक और खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, राम मंदिर ट्रस्ट में बिना जांच पड़ताल के लोगों को काम पर रख लिया जाता था। प्राइवेट एजेंसी के जरिये जब थर्ड पार्टी हायरिंग हुई, उसके बाद भी कोई वेरिफिकेशन नहीं हुई। वहीं जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि मंदिर से रोजाना डेढ़-दो लाख रूपए गायब होते थे। वहीं सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन ने चढ़ावा चोरी के आरोपियों के नए घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने ऐसे घरों की पहचान कर ली है, जिनका नक्शा पास नहीं है या जिन्होंने नियम तोड़े। उन आरोपियों के घर रडार पर हैं, जो उन्होंने मंदिर में नौकरी के बाद बनवाए। आरोपी लवकुश मिश्रा का शहादतगंज में बन रहा मकान और अनुकल्प मिश्रा का कौशल पुरी स्थित मकान पर बुलडोजर चल सकता है।

अयोध्या पुलिस सुबह करीब 11 बजे राम मंदिर पहुंची। करीब दो घंटे तक जांच की। जिस कमरे में चढ़ावे की गिनती होती है, उसे देखा। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में ढील की कोई गुंजाइश नहीं है। एसआईटी परत-दर-परत इसकी तहकीकात कर रही है। इस मामले में पाई पाई का हिसाब होगा। शुरुआती जांच में बड़े पैमाने पर मिली खामियों को देखते हुए एसआईटी अब ट्रस्ट के पांच साल के ऑडिट की जांच करेगी।

### वकीलों की मांग, चंपत राय व अन्य के विरुद्ध हो एफआईआर



**अयोध्या ।** अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर न्यास के चंदे को लेकर उपजे विवाद के बारे में अधिवक्ताओं ने चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के विरुद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज कराने की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राम जन्मभूमि पुलिस थाने की ओर कूच के रूप में किया गया, जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर जय श्री राम के नारे गूंजते रहे, और अधिवक्ताओं ने दावा किया कि जब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं होती, वे शांत नहीं होने वाले है। अधिवक्ताओं का कूच सिविल लाइंस पुलिस चौकी के समीप पुलिस द्वारा रोक दिया गया। फैजाबाद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में, ये अधिवक्ता कचहरी से राम जन्मभूमि पुलिस थाने की ओर कूच कर रहे थे, जहाँ वे चंपत राय, अनिल मिश्रा, गोपाल राव सहित अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग कर रहे थे।

### मेरे साथ धोखा हुआ, मैंने ही कैमरे लगवाकर चोरी पकड़ी : चंपत राय



**अयोध्या ।** राम मंदिर दान चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व जनरल सेक्रेटरी चंपत राय से बीते बुधवार को करीब दो घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ की गई। जहां उन्होंने अपना बचाव करते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, चंपत राय ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने ही सर्विलांस कैमरे लगवाकर चोरी का पता लगाया था, और जिन लोगों पर उन्होंने भरोसा किया था। उन्हीं ने उन्हें धोखा दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भक्तों के चंदे के कथित गबन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। पुलिस पूछताछ के दौरान, चंपत राय ने स्पष्ट शब्दों में कहा, मेरे साथ धोखा हुआ। चोरी पकड़ने के लिए मैंने ही छिपे हुए कैमरे लगवाए थे। इस मामले में पुलिस ने बीते बुधवार को चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा से अलग-अलग पूछताछ की थी, ताकि घटना के विभिन्न पहलुओं को समझा जा सके।

# एआई विनाशकारी जहर : सुप्रीम कोर्ट

### कहा- न्याय प्रणाली में हर स्तर पर इंसानी दिमाग जरूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने एआई के बढ़ते दुरुपयोग पर बेहद गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई दौरान अलर्ट जारी करते हुए कहा कि एआई का गलत प्रयोग तकनीकी उपकरणों पर वकीलों और प्रोफेशनल्स की अत्यधिक निर्भरता बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने साफ किया है कि न्याय की प्रक्रिया में हर मोड़ पर मानवीय समझ और नियंत्रण का होना जरुरी है।

**फर्जी एआई कंटेंट के आधार पर आया था फैसला**

जानकारी के लिए बता दें कि यह पूरा मामला एनसीएलटी के एक फैसले से जुड़ा है, जो एस्सेल इंफ्राप्रोजेक्ट्स की दिवालियापन प्रक्रिया को लेकर था। इस मामले में कोर्ट में एआई के जरिए फेक उदाहरण पेश किए गए, जो असल में कभी हुए ही नहीं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण न्याय की प्रामाणिकता से समझौता नहीं किया जा सकता।

**भोपाल गैस त्रासदी की जहरीली गैस से की तुलना**

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एआई से बनाई गई फेक सामग्री की तुलना विनाशकारी और जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट से की है, जिसके कारण भोपाल गैस त्रासदी हुई थी) से कर दी।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कानूनी बहसों में एआई द्वारा तैयार किए गए फर्जी, काल्पनिक और झूठे उदाहरणों का इस्तेमाल करना न्याय के क्षेत्र में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस छोड़ने जैसा है। यह एक ऐसा अदृश्य और कपटी खतरा है, जो न्याय प्रणाली को भीतर से खोखला कर देता है। जब तक कोई इस धोखे को पकड़ पाता है, तब तक यह न केवल पूरी न्यायिक प्रक्रिया को दूषित कर चुका होता है, बल्कि अदालती फैसले की आत्मा को भी नष्ट कर देता है।

# मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

### सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील






संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को रांची के लोक भवन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं गणना प्रपत्र भरकर एवं उस पर हस्ताक्षर कर 63-रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 की बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) मंजू कच्छप को सौंपा। राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से आह्वान किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जब बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएँ, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएँ।

## संक्षिप्त खबरें

### ममता से मिलने कालीघाट पहुंचीं सपा सासंद जया बच्चन

**कोलकाता ।** समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अभिनेत्री जया बच्चन ने गुरुवार को कोलकाता स्थित कालीघाट आवास पर पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से मुलाकात की। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ%ब्रायन भी उनके साथ मौजूद थे। कालीघाट पहुंचने पर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने उनका स्वागत किया। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### बेंगलुरु : चट्टान गिरने से 7 मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मादपट्टण गांव के समीप स्थित कावेरी क्रशर पत्थर खदान में गुरुवार को विशाल चट्टान गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आरआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। केंद्रीय परिक्षेत्र के आईजीपी गिरीश ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हिंदू धर्म अपना चुकी महिला के मंदिर प्रवेश पर रोक गैरकानूनी : मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई ।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि कोई विदेशी नागरिक ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना चुका है, तो उसे मंदिर में प्रवेश से नहीं रोका जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि धर्म परिवर्तन के बाद व्यक्ति को हिंदू श्रद्धालुओं के समान धार्मिक अधिकार प्राप्त हैं।

# दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क चौड़ीकरण के लिए 221 करोड़ रुपये मंजूर

### रिम्स -2 की स्थापना के लिए 41.89 अरब की स्वीकृति

**●पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये स्वीकृत**

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**कैबिनेट का फैसला**

**रांची ।** गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये, दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क के चौड़ीकरण के लिए 221.40 करोड़ रुपये, साहिबगंज में गोपालाडीह-भोगनाडीह सड़क निर्माण के लिए 88.84 करोड़ रुपये, रांची में धुर्वा गोलचक्कर से पुलिस मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 36.30 करोड़ रुपये और चतरा में सिमरिया-टंडवा सड़क के सुधार के लिए 33.76 करोड़ रुपये की स्वीकृती दी गई।

कैबिनेट ने रिम्स-2 के निर्माण के लिए 41 अरब 89 करोड 41 लाख 26 हजार 604 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

➔कैबिनेट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल छात्रों को भी देगी स्टाइपेंड।

➔ कैबिनेट में प्रखंडों और अंचलों में पदस्थापन के भी मापदंड तय किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सेवा के 271 प्रशासनिक पदों में 164 पदों पर बीडीओ और सीओ का पदस्थापन होगा। इसमें से 53 पद सिर्फ सीओ के होंगे और 54 पदों पर सिर्फ बीडीओ का पदस्थापन होगा।

➔ झारखंड योजना सेवा नियमावली 2026, राज्य समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली 2026 और निम्नवर्गीय लिपिक सह कंप्यूटर संचालक सेवा संवर्ग नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई।

➔ विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लिए नई रोजगार योजना को नीतिगत मंजूरी दी गई।

# मोदी ने जापान की पीएम ताकाइची को छोटी बहन बताया

### कहा-भारत में खाद के 1000 प्लांट लगेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ संयुक्त प्रेस बयान में उन्हें अपनी छोटी बहन बताया। उन्होंने कहा कि ताकाइची की यह भारत की पहली यात्रा है और जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री का स्वागत करना खुशी की बात है।

मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा का संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड मैटेरियल्स और सप्लाई चेन को मजबूत किया जाएगा। इंडिया-जापान बायोगैस इनिशिएटिव के तहत देश में 1000 बायोगैस और ऑर्गेनिक खाद प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे गोबरधन योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

दोनों नेताओं ने बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यूक्लियर एनर्जी, निवेश, रक्षा, स्टार्टअप, रिसर्च और इंडो-पैसिफिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। मोदी ने कहा कि



अगले साल भारत और जापान के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होंगे, जिसे दोनों देश विशेष रूप से मनाएंगे। ताकाइची ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपनी सुंदर छोटी बहन कहा। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने आपसी रिश्ते को भाई-बहन की तरह आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि जापान की फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक नीति और भारत की महासागर पहल एक-दूसरे की पूरक हैं।

# दिल्ली में दहशत की साजिश नाकाम, चार आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई प्रायोजित एक अंतर-राज्यीय आतंकी और हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन पंजाब से और एक दिल्ली से है। ये आरोपी दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शुभदीप सिंह, गुरजंट सिंह, साजन सिंह और गगनप्रीत के रूप में हुई है। इन्हें आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों के निर्देश पर काम करने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। ये नंबर उन्हें पाकिस्तानी हैंडलरों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। स्पेशल सेल ने आरोपियों के पास से दो विदेशी पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। एक आरोपी गगनप्रीत को दिल्ली में पुलिस प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की रेकी करने का काम सौंपा गया था। उसे दिल्ली में गोलीबारी की घटना को अंजाम देने का भी निर्देश दिया गया था। स्पेशल सेल को पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी द्वारा दिल्ली-एनसीआर में आतंकी घटना की योजना की विश्वसनीय जानकारी मिली थी।

# दुमका और गोड्डा कोर्ट को मिली हमले की धमकी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** दुमका और गोड्डा कोर्ट परिसरों को निशाना बनाने की धमकी मिलने के बाद से पुलिस और प्रशासनिक महकमे में अफरा-तफरी का माहौल है। यह सनसनीखेज धमकी दुमका के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नाम स्पीड पोस्ट से भेजे गए एक पत्र के जरिए मिली है। बांग्ला भाषा में लिखे गए इस धमकी भरे पत्र में दुमका और गोड्डा कोर्ट पर हमले की चेतावनी दी गई थी। इस पत्र के साथ दो संदिग्धों के नाम और एक आधार कार्ड की फोटोकॉपी भी भेजी गई थी।

धमकी की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस तुरंत हरकत में आ गईं। एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को



तत्काल बढ़ा दिया गया है। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर के चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली। हालांकि, इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को कोई भी संदिग्ध या विस्फोटक वस्तु बरामद नहीं हुई।

दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पत्र के साथ मिले आधार कार्ड की जांच कराई गई है। जांच में सामने आया कि जिस व्यक्ति के आधार कार्ड का उपयोग किया गया है, उसका इस धमकी से कोई सीधा संबंध नहीं है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस पूछताछ में स्पष्ट किया है कि किसी ने आपसी रंजिश या विवाद के कारण उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग कर न्यायाधीश को यह पत्र भेजा है। पुलिस की शुरुआती तकनीकी जांच में यह सुराग मिला है कि यह स्पीड पोस्ट पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के भातार थाना क्षेत्र से पोस्ट की गई थी। फिलहाल पुलिस और खुफिया एजेंसियां असली पत्र भेजने वाले की पहचान करने, उसकी लोकेशन ट्रेस करने और इस साजिश के पीछे के मुख्य उद्देश्य का पता लगाने के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई।

इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था

# जरमुंडी के चार युवकों को जबरन बनाया गया किन्नर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** दुमका जिला अंतर्गत तालझारी थाना क्षेत्र के चार युवकों को जबरन (ट्रांसजेंडर) किन्नर बनाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में तालझारी थाना क्षेत्र के धनपतडीह गांव निवासी अनमोल उर्फ (अब ट्रांसजेंडर) अनीता ने सुनील मिर्धा उर्फ माही किन्नर पर बहला फुसलाकर और नशीली दवाईयां खिलाकर जबरन सभी को किन्नर बनाने का आरोप लगाया है। अनीता ने बताया कि सुनील मिर्धा उर्फ माही स्थायी रूप से देवघर जिले के सारठ प्रखंड अंतर्गत मिश्राडीह का निवासी है और इनदिनों बासुकीनाथ के डोमसी मुहल्ले में रहता है। अनीता ने बताया कि माही उर्फ सुनील मिर्धा भी आपरेशन कराकर ट्रांसजेंडर बना है।



उसने बहला फुसलाकर तालझारी थाना क्षेत्र के धनपतडीह निवासी गणेश उर्फ अनन्या, सहारा निवासी सूरज उर्फ नेहा और सहारा निवासी मदन उर्फ मुस्कान को भी जबरन किन्नर बनाया। सुनील मिर्धा से माही बने आरोपी ने सभी को बहलाकर नशीली दवाएं देकर शारिरिक एवं मानसिक रूप से असक्षम बनाया और दिल्ली में आपरेशन कराकर सभी को जबरन ट्रांसजेंडर बना दिया। ट्रांसजेंडर अनीता ने माही पर शारिरिक एवं मानसिक प्रताड़ना, मारपीट, अवैध वसूली और यौन शोषण का भी आरोप लगाया है। अनीता और अन्य पीड़ित ट्रांसजेंडरों ने बताया कि

माही ने जो दवाइयां खिलाई उससे शरीर में परिवर्तन होने लगे और उनके सहमति के बिना, दवाब बनाकर ऑपरेशन कराया गया,जिसके कारण वे सभी ट्रांसजेंडर बन गए। इसके बाद आरोपी द्वारा उनसे ट्रेनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बधाई मांग कर पैसे वसूलने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर मारपीट की गई शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा जबरन यौन शोषण एवं अन्य गलत कार्य कराए गए।

---

इधर , माही की शिकायत के लिए जरमुंडी थाना में ट्रांसजेंडरों ने थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन सौंपा है।आवेदन के आधार पर जरमुंडी थाना के एएसआई सुलेखा कुमारी द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

---

**सुनील मिर्धा उर्फ माही किन्नर का बयान**

वहीं सुनील मिर्धा उर्फ माही किन्नर ने बताया कि जो भी आरोप मेरे उपर लगाया जा रहा है सब झुठ आरोप है। उसने बताया कि चारों में से दो को तो मैं जानती भी नहीं। वे सभी कहां से लिंग परिवर्तन करा कर आये हैं, मुझे पता नहीं है। नेहा उर्फ सुरज अपने से लिंग परिवर्तन कर मेरे पास आया और साथ में रह रही थी। साथ रखने की बात किया था। मदन उर्फ मुस्कान तो लड़का है, किन्नर बनकर साथ में रहने तथा पैसा कमाने की बात किया था।

## विज़न 2050 को गति देने की ओर अग्रसर झारखंड

# 8 और 9 जुलाई को राज्य सरकार नई दिल्ली में आयोजित करेगी नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन, जुटेंगे देश-विदेश के उद्योगपति

### मुख्यमंत्री को सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखण्ड मंत्रालय में सचिव आईटी विभाग पूजा सिंघल और सचिव उद्योग विभाग अरवा राजकमल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उक्त अधिकारियों ने आगामी 08 एवं 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन (नेशनल स्टेक होल्डर्स



कंसल्टेशन)÷ में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 08 और 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अगुवाई में होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास का रोडमैप खींचा जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई बड़े नीति निर्धारक, निवेशक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।

# सम्मान केवल किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि उसके परिश्रम और समर्पण भी होता है : राज्यपाल

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल किसी व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि उसके माध्यम से परिश्रम, ईमानदारी, अनुशासन, सेवा-भाव और समर्पण जैसे जीवन-मूल्यों का भी सम्मान होता है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां समाज, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।राज्यपाल गुरुवार को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा की ओर से रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 7वें झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समारोह बोल रहे थे।राज्यपाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में केवल सफलता प्राप्त करने का ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान और प्रेरणादायी व्यक्तित्व बनने का भी संकल्प लें। राज्यपाल ने कहा कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसे संगठन युवाओं में साहसिक गतिविधियों, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ऐसे प्रयास युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के सशक्त निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। युवाओं को नवाचार, कौशल विकास, स्टार्ट-अप, खेल, फिटनेस तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।



## सौर ऊर्जा अपनाएं, बिजली बचाएं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें : संजय सेठ

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अपने रांची स्थित आवास की छत पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कराया है। इस अवसर पर उन्होंने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए योजना की विशेषताओं एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी तथा आम नागरिकों से भी इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। पिछले 12 वर्षों में स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप मिला है।उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। इससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। साथ ही कोयला एवं अन्य पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता भी कम होगी।



## जमशेदपुर मामले में मुख्यमंत्री की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर हत्याकांड के मामले में मुख्यमंत्री की ओर से एसपी-एसएसपी को सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई को सिर्फ खानापूर्ति करार दिया है।मरांडी गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसपी को हटाना कोई सजा नहीं है। पुलिस के सामने किसी की हत्या होती है तो इसके लिए पूरी तरह पुलिस जिम्मेवार है। जो जानकारी है कि अभी तक पुलिसकर्मियों पर कोई एफआईआर नहीं किया गया है और न ही ऐसी कोई मंशा दिख रही है। यदि मुख्यमंत्री वास्तव में हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए गंभीर है तो उन पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कराएं, जिनकी मौजूदगी में हत्या हुई है।मरांडी ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उल्टा उन लोगों पर एफआईआर किया गया है जिनके होटल से वे लोग खाना खाकर निकले थे। अगर किसी के घर से कोई खाना खाकर निकलता है और सड़क पर पुलिस की मौजूदगी में किसी की हत्या हो जाती है तो उसमें उस घर वाले अथवा होटल मालिक का क्या दोष।



## हिमांशु हत्याकांड के विरोध में आज बंद रहेगा जमशेदपुर

### भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

संताल एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** चर्चित हिमांशु सिंह हत्याकांड के खिलाफ 03 जुलाई को बंद की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी महानगर ने गुरुवार को विभिन्न मंडलों में मशाल जुलूस निकाला।इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। जुलूस में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल, बैनर और माइक लेकर अपराधियों की गिर तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही स्थानीय लोगों से जमशेदपुर बंद को सफल बनाने की भी अपील की।सीतारामडेरा मंडल की ओर से तारापुर स्कूल गोलचक्कर, भालूबासा से बाराद्वारी चौक तक निकाले गए मशाल जुलूस में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू प्रमुख रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। विधायक ने कहा कि हिमांशु सिंह हत्याकांड के सभी आरोपितों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा।



## पेटरवार प्रखंड का बड़ा बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी कर्मचारी को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पर शौचालय निर्माण योजना की शेष राशि जारी करने के एवज में घूस मांगने का आरोप है।इस संबंध में एसीबी धनबाद के अपर पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार महतो ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रमंडलीय कार्यालय धनबाद को एक संवेदक ने शिकायत दी थी कि ओरदाना 10+2 उच्च विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान की शेष राशि जारी करने के लिए पेटरवार प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बड़ा बाबू गुलाम रसूल दस हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया।

## ससुर ने बहु के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी अंतर्गत तिबाब गांव में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना का मामला प्रकाश में आया है।ससुर ने अपनी बहू को हवस का शिकार बनाया है।इस सम्बन्ध में पीड़िता बहु ने शिला ओपी पर पहुंचकर ओपी प्रभारी को आवेदन देकर अपने ससुर कृष्णा राणा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगायी है। आवेदन में कहा कि मेरे पति बाहर में काम करने गये हुए है।घर मे अकेला देखकर ससुर ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। इसके बाए ओपी प्रभारी हरिश्चंद तिरवार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया थाना में कांड संख्या 120/26 दर्ज कराया और जांच शुरू की।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर कृष्ण राणा को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ-एसी-टी-96 खोन 97-26-27 (खुला), माहित 01.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-96-26-27, कामी रेयाक् ञुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे भीमगड़ा-पलस्थली खंड रे ब्रिज नं. 3 आर 15, बखतारनगर-अण्डाल डीएसईवाई खंड रे ब्रिज नं. 7 आर 12 आर अण्डाल-सोनाचारा खंड ताला रे किमी 3/27-29 रे ब्रिज नं. 7 रेयाक् जैकेटिंग, चिरहाय आर एमान तेयाक् सोंगे कामीको लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 8,00,64,582.08, **बायना पायसाः रु.** 16,01,300/-, **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-97-26-27, कामी रेयाक् ञुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे अण्डाल यार्ड, हजरतपुर साइडिंग आर उखरा रे सीटीआर (एस), टीआरआर (एस) आर डीएसईवाई रे डायमंड क्रॉसिंग रूप रे शंटिंग नेक लाटूय सांवते एमान तेयाक् सोंगे कामीकोलागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 3,24,54,221.61, **बायना पायसाः** रु. 6,49,100/- **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो (मिमित् बाखरा)। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 27.07.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-160/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailwaysgov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पुलिस मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है : आदित्य साहू

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर हिमांशु सिंह हत्याकांड में पुलिस और राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि झारखंड में कोई भी घटना घटित होने पर मामले को डायवर्ट करने का पुलिस का स्वभाव बन चुका है। पुलिस घटना के मूल चीजों से ध्यान भटकाने का काम करती है। पूर्व के कई घटनाओं में इस प्रकार की चीजें देखने को मिली है। जमशेदपुर मामले में भी इसी की पुनरावृत्ति की जा रही है। जमशेदपुर मामले में मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है। पुलिस और सरकार को इससे बाज आनी चाहिए।साहू ने सवालिया लहजे में पूछा कि यदि नीरज सिंह अवैध रूप से कारोबार कर रहे थे तो उसे पुलिस-प्रशासन एवं विभाग ने पहले क्यों नहीं बंद कराया । यह कैसे चलाया जा रहा था । सरकार के द्वारा निर्गत लाइसेंस गलत थे तो इसे रद्द क्यों नहीं किया गया। क्या उस प्रतिष्ठान के भीतर उस युवक की हत्या हुई है। जब यह जगजाहिर है कि हत्या बीच चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी में हुई है तो फिर इस तरह की मनगढ़ंत कहानी बनाकर केस को दूसरी दिशा देकर क्यों भटकाया जा रहा है।साहू ने इस मामले में अपराधियों के साथ-साथ हत्या के समय मौजूद पुलिसकर्मियों पर भी मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नीरज सिंह पर दर्ज किए गए मुकदमा की निष्पक्ष जांच कर केस से उनका नाम तत्काल हटाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि गलती कोई करें और सजा किसी और को क्यों। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा नीरज सिंह की दो-दो गाड़ियों को सीज करने की बात सामने आ रही है।



## रिम्स-2 बनाने के लिए एशियन बैंक से सालभर से किया जा रहा था संवाद : इरफान

**रांची ।** झारखंड सरकार की कैबिनेट ने बहुप्रतीक्षित रिम्स-2 परियोजना को मंजूरी देते हुए गुरूवार को 4,189 करोड़ 41 लाख 26 हजार 604 रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स-2 परियोजना को मंजूरी मिलने पर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पिछले एक वर्ष से लगातार संवाद, योजना और समन्वय किया जा रहा था।स्वास्थ्य मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति से वर्षों पुराना सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि रिम्स-2 केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि झारखंड को स्वास्थ्य सेवाओं में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होगा, गंभीर मरीजों को दूसरे राज्यों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी तथा एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटों में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रिम्स-2 पूर्वी भारत के प्रमुख चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित होगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और चिकित्सा शिक्षा को नई गति मिलेगी।



## निजी जमीन पर ओबी डंपिंग के विरोध में ग्रामीणों ने ठप की ट्रांसपोर्टिंग

**कतरास।** महेशपुर कोलियरी में संचालित श्रीइंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग गुरुवार सुबह उस समय ठप हो गया, जब सिनीडीह के कटहल धोड़ा के रैयत ग्रामीणों ने ओबी डंपिंग का विरोध करते हुए डंप साइडिंग पर मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने अपनी निजी जमीन पर ओबी गिराने का विरोध करते हुए ट्रांसपोर्टिंग कार्य पूरी तरह बाधित कर दिया। विरोध के कारण ओबी डंप करने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई और लगभग दो घंटे तक परिवहन कार्य बंद रहा।ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल प्रबंधन बिना नियोजन और उचित मुआवजा दिए रात में उनकी निजी जमीन पर जबरन ओबी डंप कर रहा है। उनकी कृषि योग्य भूमि मलबे से भर गई है। रैयतों का कहना है कि वे कई बार लिखित आवेदन देकर जमीन के बदले नियोजन और मुआवजे की मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।सूचना मिलने पर महेशपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी (पीओ) कामता सिंह और प्रबंधक नारायण हांसदा सहित बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डंपिंग साइट पर ग्रामीणों के साथ हुई वार्ता में अधिकारियों ने समस्या का शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया। गुरुवार को प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद दोनों मामलों में फिलहाल गतिरोध समाप्त हो गया।



## धनबाद सीओ पर दुर्व्यवहार का आरोप बीएलओ ने एसआईआर काम किया ठप

**धनबाद।** धनबाद सीओब्रम प्रवेश कुमार पर बीएलओ मीरा कुमारी ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। दुर्व्यवहार से व्यथित बीएलओ ने एसआईआर का काम करने से इंकार कर दिया है। मीरा कुमारी का कहना है कि सीओ पर कार्रवाई होने तक एसआईआर का काम ठप रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान उस वक्त विवाद खड़ा हो गया, जब निरीक्षण के लिए पहुंचे धनबाद अंचल अधिकारी रामप्रवेश सिंह पर बीएलओ के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा। घटना धनबाद अंचल के बरमसिया स्कूल बूथ की है। महिला बीएलओ का कहना है कि बिना किसी गलती के उन्हें अपमानित किया गया, जबकि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें न तो ड्रेस, न पहचान पत्र और न ही कोई अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है।गुरुवार को धनबाद अंचल के बरमसिया स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में एसआईआर के तहत मतदाता गणना प्रपत्र वितरण और जमा करने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान निरीक्षण के लिए पहुंचे धनबाद सीओ रामप्रवेश सिंह पर आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार किया और भिखारियों वाली ड्रेस पहनकर काम करने जैसी टिप्पणी की। इस टिप्पणी से आक्रोशित बीएलओ ने तत्काल एसआईआर कार्य का बहिष्कार कर दिया और सीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गईं।बीएलओ मीरा कुमारी ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उन्हें कोई ड्रेस, पहचान पत्र या टोपी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि छोटी-सी मानदेय राशि में वे पूरी निष्ठा से सरकारी जिम्मेदारी निभा रही हैं, बावजूद इसके उन्हें अपने ही अधिकारियों से अपमान झेलना पड़ रहा है।

## राजधानी के थानों का नियमित औचक निरीक्षण करें एसएसपी : चेंबर

**रांची ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में चेंबर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य के आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण आधार है।उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ झारखंड चेंबर की हुई बैठक में अन्य विषयों के अलावा विधि व्यवस्था की मजबूती के लिए उनकी प्रतिबद्धता का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि इससे राज्य की विधि व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## एटीएम बदलकर साइबर ठगों ने युवती के खाते से उड़ाए 75 हजार

**धनबाद।** धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू निवासी दिलीप वर्मा की पुत्री मेघा कुमारी गुरूवार को साइबर ठगी का शिकार हो गयी।एटीएम बदलकर साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिये। इस संबंध में पीड़िता ने झरिया थाना में लिखित शिकायत की है। मेघा कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह बस्ताकोला स्थित एसबीआइ के एटीएम से 2,000 रुपये की निकासी की।जैसे ही वह एटीएम से बाहर निकलीं, दो युवक अंदर गये और कहा कि उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया है।उन्होंने मेघा से कहा कि यदि वह अपना एटीएम कार्ड डालकर पिन दर्ज करेंगी तो उनका कार्ड बाहर निकल जायेगा।


## आदेश गोयल ने संभाला श्री श्री विश्वविद्यालय का नेतृत्व

**संताल एक्सप्रेस रांची।** वैश्विक नेतृत्व, मानव संसाधन प्रबंधन और संगठन निर्माण के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रख्यात कॉर्पोरेट विशेषज्ञ आदेश गोयल ने बुधवार को ओड़िशाके कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के नए कुलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी ने आयोजित विदाई समारोह में उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। बिट्स पिलानी से प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त गोयल को विश्व के पांच महाद्वीपों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने ह्यूजेस सॉफ्टवेयर सिस्टम्स में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी तथा मुख्य सूचना अधिकारी के रूप में कार्य किया। उनके नेतृत्व में कंपनी 10 हजार से अधिक कर्मचारियों वाली संस्था बनी और सफलतापूर्वक अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम भी पूरा किया। इसके बाद उन्होंने टाटा कम्युनिकेशंस में 14 वर्षों तक वैश्विक मानव संसाधन प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं।



## ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर का उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस रांची।** देश के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ पद्मश्री एवं पद्मभूषण डॉ. सुरेश आडवाणी 5 जुलाई को टरांची स्थित ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर का भव्य उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सकगण, प्रबंधन टीम एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. आडवाणी कैंसर उपचार में समर्पित डे-केयर सेंटरों की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर जैसे समर्पित संस्थान कैंसर मरीजों के लिए राहत और भरोसे का केंद्र बनेंगे।ऑर्किड समागति कैंसर सेंटर में झारखंड के प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सतीश शर्मा एवं डॉ. अजय कुमार सहित अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर उपचार की सेवाएं प्रदान की जाएंगी।



## चेन छिनतई मामले में महुदा के दो गिरफ्तार

**महुदा।** बोकारो जिले के चास थाना पुलिस ने बुधवार देर रात महुदा पुलिस के सहयोग से महुदा थाना क्षेत्र के दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी चेन छिनतई से जुड़े एक मामले में की गई है। गिरफ्तारी के बाद चास पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार लोगों में महुदा थाना क्षेत्र के लालबंगला निवासी सर्राफा व्यवसायी परमानंद कुमार वर्मा तथा राधानगर निवासी सतीश सिंह के पुत्र बिट्टू कुमार सिंह शामिल हैं। सूत्रों का दावा है कि पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। जानकारी के अनुसार परमानंद कुमार वर्मा चोरी और छिनतई के जेवरात खरीदकर लालबंगला स्थित अपनी देवी ज्वेलर्स नामक दुकान के माध्यम से उन्हें खपाने का काम करता था, जबकि बिट्टू कुमार सिंह उसका सहयोगी था। इस मामले में बोकारो एसपी नाथु सिंह मीणा की ओर से एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर घटना की जानकारी दी गई है।

## हिमांशु सिंह हत्याकांड : नए एसएसपी के पदभार संभालते ही एसआईटी ने बदली रणनीति

संताल एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में हुए हिमांशु सिंह हत्याकांड की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंचती दिख रही है। बुधवार देर रात जिले के नए वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एहतेशाम वकारिब ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों एडीजी मनोज कौशिक और जांच टीम के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में अब तक हुई जांच की प्रगति का आकलन किया गया और फरार आरोपितों की गिर तारी के साथ-साथ हत्या की पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए नई रणनीति तैयार की गई।पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) अब केवल घटना में शामिल आरोपितों की गिर तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे घटनाक्रम के पीछे की साजिश, घटना की योजना और इसमें शामिल सभी लोगों की भूमिका की गहन पड़ताल कर रही है। नए एसएसपी के निर्देश पर तकनीकी साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और वैज्ञानिक जांच को प्राथमिकता दी जा रही है।जांच के दौरान 24 जून की रात करीब 8 बजे से रात 12 बजे तक बार परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली गई है। पुलिस फुटेज का बारीकी से विश्लेषण कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विवाद की शुरुआत किसने की, हथियार सबसे पहले किसने निकाला, हिमांशु सिंह पर हमला किस क्रम में हुआ और घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों की गतिविधियां क्या थीं। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी फुटेज इस मामले का सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकता है।जांच का एक अहम पहलू मुख्य आरोपी विश्वनाथ मंडल उर्फ बोदरा तक पहुंचने और यह पता लगाने का है कि उसे घटनास्थल पर किसने बुलाया था। इसके लिए पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), मोबाइल टावर लोकेशन और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर रही है।

## ब्रेन मलेरिया से चार बच्चों की मौत के बाद झारखंड में अलर्ट

**रांची ।** पूर्वी सिंहभूम के पोटका क्षेत्र में ब्रेन मलेरिया से चार बच्चों की मौत के बाद झारखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर मलेरिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभाव से व्यापक अभियान चलाने तथा प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसकी प्रति सभी सिविल सर्जनों को भी भेजी गई है और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## तमिलनाडु गैस रिसाव:चाईबासा के 14 श्रमिक सकुशल लौटे

**चाईबासा।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस रिसाव की घटना से प्रभावित पश्चिमी सिंहभूम जिले के 14 प्रवासी श्रमिक गुरुवार को सुरक्षित अपने गृह राज्य झारखंड लौट आए। चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से सभी श्रमिकों का स्वागत किया गया और उनकी कुशलक्षेम की जानकारी ली गई।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार समन्वय किया। सभी श्रमिक रेल मार्ग से राउरकेला होते हुए चक्रधरपुर पहुंचे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहले से मौजूद थी।स्टेशन पर श्रमिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके बाद उन्हें उनके-अपने गांवों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई। साथ ही प्रत्येक श्रमिक को खाद्य सामग्री से युक्त फूड बास्केट भी उपलब्ध कराया गया, ताकि घर पहुंचने के बाद उन्हें किसी प्रकार की तत्काल असुविधा का सामना न करना पड़े।उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के तिरुवल्लूर स्थित एक औद्योगिक इकाई में हाल ही में अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था। घटना के बाद वहां कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने त्वरित पहल की। मु यमंत्री के निर्देश पर संबंधित विभागों और जिला प्रशासन ने तमिलनाडु के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा, जिसके परिणामस्वरूप पश्चिमी सिंहभूम के सभी 14 श्रमिक सुरक्षित अपने घर लौटने में सफल रहे।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**रांची** ।गुरुवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,राँची की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआई के निदेशक नृपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर संजय कडम्बार, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राँची तथा पर्यवेक्षक विचित्रसेन गुप्त, उप निदेशक, पूर्व क्षेत्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सहित राँची शहर स्थित लगभग 28 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में नाथ ने कहा कि सर्वप्रथम मेकॉन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के जिन विजेताओं को यहाँ पुरस्कार दिया गया है उन्हें शुभकामनाएं ! साथ ही नराकास की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के विजेता कार्यालयों सी0सी0एल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और मेकॉन लिमिटेड को हार्दिक बधाई ! राजभाषा कार्यान्वयन के जो प्रयास इन कार्यालयों ने किए हैं निश्चित तौर पर अन्य कार्यालय उनसे प्रेरणा लेकर अपने-अपने यहाँ राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति सुनिश्चित कर सकेंगे।



## सड़क हादसे में युवक की मौत

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा-भागलपुर स्टेट हाईवे पर हटिया थाना क्षेत्र के बनियारा गांव के समीप गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य युवक घायल हो गए।मृतक की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के चैरपहाड़ी गांव निवासी मुन्ना मांझी (28) के रूप में हुई है। उसकी शादी 12 जुलाई को होने वाली थी, लेकिन शादी से पहले ही उसकी अर्थी उठ गई, जिससे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

## ई-रिक्शा टोटो संघ ने रेलवे पार्किंग ठेकेदार पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, सड़क पर उतरे

**धनबाद।** रेलवे पार्किंग ठेकेदार पर ई-रिक्शा टोटो संघ मनमानी, अवैध वसूली के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। गुरुवार को सड़क पर उतरे। धरना प्रदर्शन किया और डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। इसके पहले ई-रिक्शा टोटो संघ द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना में सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा टोटो चालक एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।धरना-प्रदर्शन के दौरान ई-रिक्शा चालकों ने रेलवे पार्किंग ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अवैध वसूली बंद करने, निर्धारित पार्किंग शुल्क लागू करने, वैध रसीद देने, दुर्व्यवहार पर रोक लगाने तथा ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को नियमित करने की मांग की।

**आसनसोल मंडल रे कामीजिरावाकान स्टेनोग्राफरकोवाक् जूनियर स्टेनोग्राफर रूप रे बाहालआरो**

पूर्व रेलवे रेयाक् आसनसोल मंडल रे कामी रेयाक् लाकती लेकारे, पोनया (04) कामीजिरावाकान स्टोनोग्राफरको दो जूनियर स्टेनोग्राफर रूप रे लेवल-4 रे खाली हुदाको रे चान्दोकिया खाटाव लेका रे बाहालआरोकोआ। दारखास लागित् जासतीकाय उमार सीमा दो अधिसूचना रेयाक् मुचात् तारीक हिलोक् 64 बोछोर 06 चान्दो काना। **मुचात् तारीक दो 20.07.2026** काना। जासती बानाडाय आर पुराउ अधिसूचना लागित् दो, दाया काते वेबसाइट **https://er.indianrailways.gov.in** रे **Division-Asansol-Demaprment-Personnel-Notification and Circular tab** रे ञेलपे।

**मंडल कार्मिक अधिकारी, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ईरान का आमंत्रण, भारत के लिए रिश्ते सुधारने का एक मौका

ईरान के सुप्रीम लीडर रहे धर्मगुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ईरान की सरकार ने दुनिया के सैकड़ों राष्ट्रीय स्तर के नेताओं और शासकों को उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। ईरान की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और जैन संत जो अहिंसा विश्वा भारती के संस्थापक हैं आचार्य लोकेश मुनि को भी आमंत्रण भेजा है। जैन मुनि ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि वह शांति और सद्भाव के लिए ईरान जाएंगे। अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक पार्टी के नेता भी ईरान जा रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 2 करोड़ लोग खामनेई को श्रद्धांजलि देने के लिए ईरान में एकत्रित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से जो शुरुआती संकेत मिले हैं, उसके अनुसार भारत सरकार का प्रतिनिधित्व बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा करेंगे। भारत के साथ ईरान के बहुत पुराने सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रिश्ते रहे हैं। दोनों देशों के बीच में शिक्षा, व्यापार और संस्कृति को लेकर बड़े घनिष्ठ संबंध रहे हैं। पिछले कई दशकों में जब भी भारत को ईरान की जरूरत पड़ी ईरान भारत के साथ खड़ा रहा। पिछले कुछ वर्षों में भारत की नजदीकी अमेरिका और इजराइल के साथ बढी। इसके साथ ही भारत और ईरान के संबंधों में वह मधुरता नहीं रही जो उसके पहले होती थी। ईरान ने भारत के साथ राजनीतिक, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध हमेशा बनाए रखे। यहां तक की जब अमेरिका ने ईरान के ऊपर प्रतिबंध लगाए उस समय ईरान सरकार ने भारत को भारतीय मुद्रा में न केवल कच्चा तेल सप्लाई किया वरन उतनी ही कीमत का सामान भारत से आयात करके अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने का हर संभव प्रयास किया। समय के साथ बदलाव आते हैं पिछले कुछ वर्षों में भारत की इजराइल के साथ नजदीकी बढ़ती रही और ईरान के साथ दूरी बढ़ती गई। भारत को ऐसा लगता था कि अमेरिका और इजराइल अजेय हैं। भारत ने ईरान की उपेक्षा शुरू कर दी। भारत की विदेश नीति में एक बड़ा बदलाव आ गया। ईरान और भारत के रिश्तों में एक बड़ा तनाव तब देखने को मिला जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल जाकर यह कह दिया कि इजराइल फादरलैंड है। उसके दो दिन बाद इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। वर्तमान स्थिति में अमेरिका और इजराइल को इस युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ईरान आज एक विजेता के रूप में फिर से एक महत्वपूर्ण स्थिति में आ गया है। ईरान की सरकार अभी भी भारत के साथ अपने पुराने रिश्तों को ध्यान में रखते हुए अपने संबंध बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ता हुआ दिख रहा है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को जो रिश्ते बिगड़ चुके हैं उनको एक बार फिर पटरी में लाने का मौका है। अमेरिका और इजराइल के हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई सहित कई बड़े योद्धा तथा ईरान के स्कूल में पढ़ने वाली 165 से ज्यादा बच्चियों की मौत हुई थी। उस समय भारत ने चुप्पी साध रखी थी। भारत ने ईरान के अनुरोध करने के बाद भी ब्रिक्स संगठन देशों की बैठक नहीं बुलाई। अब स्थिति बहुत हद तक साफ हो चुकी है। ऐसे समय पर भारत सरकार को ईरान के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने के लिए दुख की इस घड़ी में ईरान जाकर घाव में मलहम लगाने की जरूरत है। इस मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन लोगों को ईरान ने आमंत्रित किया है, उनमें शामिल हैं। उन्हें भारतीय दल के रूप में साथ ले जाकर ईरान के साथ भारत के रिश्ते फिर बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस समय जो अवसर मिला है, इसका लाभ उठाया जा सकता है।

# खेल कूटनीति: बास्केटबॉल से अमेरिका-भारत निकटता

**चार्वी अरोड़ा**

भारत के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी के लिए अमेरिका नक्शे पर भले ही दूर हो पर उन्हें वह कहीं करीब महसूस होता है। वे सोशल मीडिया पर नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के मशहूर खिलाड़ियों को फॉलो करते हैं, यूट्यूब पर उनके खेल की बारीकियों का अध्ययन करते हैं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों पर चर्चा करते हैं और दुनिया के सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखते हैं।

मई 2026 में यह जुड़ाव नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में आयोजित फ्रीडम 250 ÷स्लैम डंक एक्सपीरियंस÷ के दौरान साकार हुआ। दिल्ली के स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों से आए 150 से अधिक विद्यार्थी एनबीए के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए एकत्र हुए। एनबीए अमेरिका की प्रमुख पेशेवर बास्केटबॉल लीग है और खेल के मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ठिकाना है।

यह कार्यक्रम फ्रीडम 250 समारोहों के तहत आयोजित किया गया था, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक पहल है। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम सैक्रामेंटो किंग्स के साथ साझेदारी कर विद्यार्थियों को बास्केटबॉल खेल, इस खेल में कुशल बनने और साझा आकांक्षाओं के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

भारत में बास्केटबॉल की बढ़ती पहचान जब विद्यार्थियों से उनके बास्केटबॉल नायकों के बारे में पूछा जाता है तो वे तुरंत जवाब देते हैं÷ स्टीफन करी, कोबी ब्रायंट, एलन आइवरसन, डेविन बुकर और जियानिस एंटेटोकाउनम्पो। ये नाम अलग-अलग युगों, टीमों और खेलने की शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों में से एक अफ्युपांग मिश्रा के लिए एंटेटोकाउनम्पो प्रेरणा के स्रोत हैं। मिश्रा मिल्वॉकी बक्स के इस स्टार खिलाड़ी की प्रशंसा करते हैं ÷क्योंकि वह बहुत प्रभावशाली हैं।÷ कार्यक्रम में शामिल कई युवा खिलाड़ियों की तरह वह भी भारत के बाहर पेशेवर स्तर पर खेलने और अंततः खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की आशा रखते हैं।

ऐसी महत्वाकांक्षाएं पूरे दिन कार्यक्रम के दौरान एक साझा विषय बनी रहीं। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 16 वर्षीय खिलाड़ी कृष्णा सिंह, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। वह कहते हैं, मेरा लक्ष्य एनबीए तक पहुंचना है। उनके सहपाठी मयंक त्यागी का लक्ष्य भी कुछ ऐसा ही है। वह कहते हैं, मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं लेकिन मेरा मुख्य लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग स्टेशनों पर अभ्यास किया और सैक्रामेंटो किंग्स के कोच तथा दिल्ली के अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। कई विद्यार्थियों के लिए इस अनुभव ने उनके इस विश्वास को और मज़बूत किया कि भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल की रुद्राक्षी वर्मा कहती हैं,÷भारत में बास्केटबॉल बढ़ रहा है और इसका वास्तव में भविष्य है।÷ उनका मानना है कि यह खेल ऐसे सबक सिखाता है जो खेल प्रदर्शन से कहीं आगे हैं। वह कहती हैं, ÷यह सिर्फ खेल के बारे में नहीं है। हमें इससे नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, नई तरह की चीजें सीखने को मिलती हैं, हम खेल भावना सीख पाते हैं, जो हम किताबों या किसी अकादमिक शिक्षा से नहीं सीख सकते। शिव नादर स्कूल की सिमरन एनबीए के महान खिलाड़ी कोबी ब्रायंट से प्रेरणा लेती हैं, जिनकी समर्पण भावना और अनुशासन आज भी दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित करते हैं। ब्रायंट की प्रसिद्ध माम्बा मेंटैलिटी- एक ऐसा दर्शन जो निरंतर आत्म-सुधार और दृढ़ता पर आधारित है- उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

एनबीए दिग्गज से प्रशिक्षण

विद्यार्थियों ने एनबीए दिग्गज हॉल ऑफ फेमर व्लाडे डीवॉत्स की बातें भी सुनीं, जिनके लॉस एंजिलिस लेकर्स, शार्लट हॉर्नेट्स और सैक्रामेंटो किंग्स के साथ कॅरियर ने उन्हें बास्केटबॉल के सबसे प्रसिद्ध पहचान वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक बनाने में मदद की। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए डीवॉत्स ने जोर दिया कि सफलता इस बात से निर्धारित नहीं होती कि कोई व्यक्ति कहां से शुरुआत करता है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका जन्म कहां हुआ है। आप अपने सपनों को किसी भी तरह हासिल कर सकते हैं लेकिन आपको सही काम करने होंगे।

डीवॉत्स ने खेल और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह समर्पण युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, ÷यदि आप खेल से प्यार करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बास्केटबॉल निश्चित रूप से आपको एनबीए खिलाड़ी बनने का रास्ता देता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश स्पष्ट था- प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन प्रतिबद्धता और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। डीवात्स ने प्रतिभागियों को याद दिलाया कि जो लोग अपने विकास में निवेश करने के लिए तैयार रहते हैं, उनके लिए अवसर अप्रत्याशित स्थानों से भी उभर सकते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप खेल से प्यार करते हैं, अपने खेल पर मेहनत करते हैं और अपने खेल को विकसित करते हैं तो आगे चलकर, कौन जानता है, आप एनबीए तक पहुंच सकते हैं।÷

अमेरिका-भारत खेल कूटनीति का जीवंत उदाहरण

बास्केटबॉल कौशल से आगे बढ़कर इस कार्यक्रम ने सार्थक संवाद के अवसर भी प्रदान किए। कई विद्यार्थियों ने कहा कि अमेरिकी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत ने उन्हें खेल से जुड़े लोगों और उनके दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से समझने का अवसर दिया। विद्यार्थी प्रतिभागी थियो ने कहा कि कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आपसी संवाद की प्रकृति थी। वह कहती हैं, ÷उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अलग-थलग महसूस न करे। यह बहुत समग्र अनुभव था। रुद्राक्षी के लिए इस अनुभव ने भारत और अमेरिका के युवाओं के बीच समानताओं को उजागर किया। वह कहती हैं, हमें यह जानने का मौका मिलता है कि वे क्या सोचते हैं, वे कैसे हैं, खेल के प्रति उनकी मानसिकता क्या है और हमारी समानताएं क्या हैं। बास्केटबॉल प्रशिक्षक और कंटेंट क्रिएटर देवांश पावडीघड़ा ने इन संबंधों को स्वयं अनुभव किया है।

# प्लास्टिक बैग से जकड़ी जीवन-शैली से पर्यावरण तबाह

**ललित गर्ग**

पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी।

आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्लास्टिक अब केवल धरती पर बिखरा कचरा नहीं रहा, बल्कि हमारे शरीर का भी हिस्सा बन चुका है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हवा, पानी, भोजन, नमक, दूध, शहद और यहाँ तक कि मानव रक्त, फेफड़ों तथा गर्भनाल में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए जा चुके हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रतिवर्ष हजारों सूक्ष्म प्लास्टिक कण भोजन, पेयजल और साँस के माध्यम से अपने शरीर में पहुँचा रहा है। यह स्थिति कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग, प्रजनन संबंधी समस्याओं और प्रतिरक्षा तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दे रही है।

आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक बैग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सब्ज़ी और किराने की खरीदारी से लेकर कपड़े, दवाइयाँ, भोजन, ऑनलाइन डिलीवरी, उपहार पैकिंग और घरेलू सामान तक लगभग हर कार्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग हो रहा है। सुविधा और सस्तेपन के कारण इनका प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हमारा जीवन मानो प्लास्टिक की गिरफ्त में आ गया है। एक बार उपयोग के बाद फेंके जाने वाले ये बैग पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसलिए समय की मांग है कि हम कपड़े, जूट या कागज़ के थैलों को अपनाकर प्लास्टिक बैग से मुक्ति का संकल्प लें।

प्लास्टिक केवल मनुष्य के स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पर्यावरण का भी शत्रु है। यह मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, नालियों को जाम कर शहरी बाढ़ का कारण बनता है तथा पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। गायों के पेट से कई-कई किलो प्लास्टिक निकलने की घटनाएँ अब सामान्य हो गई हैं। समुद्री कछुए, डॉल्फिन, व्हेल और पक्षी प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं और धीरे-धीरे मृत्यु का शिकार बन जाते हैं। इस प्रकार प्लास्टिक केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के पूरे जैविक तंत्र को नष्ट कर रहा है। विडम्बना यह है कि प्लास्टिक का सबसे बड़ा आकर्षण उसकी सुविधा है और यही सुविधा सबसे बड़ा संकट बन गई है। कुछ मिनटों के उपयोग के लिए बना प्लास्टिक बैग सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता। जिस वस्तु का उपयोग हम कुछ मिनट करते हैं, उसका दुष्प्रभाव कई पीढ़ियाँ भुगतती हैं। सुविधा की यह संस्कृति वास्तव में विनाश की संस्कृति बनती जा रही है।

भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। देश में प्रतिदिन हजारों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा भाग खुले में पड़ा रहता है या नदियों एवं समुद्र तक पहुँच जाता है। विभिन्न राज्यों ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, किन्तु प्रतिबंध का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब समाज स्वयं इसके प्रति जागरूक होगा। केवल कानून से आदतें नहीं बदलतीं, उसके लिए सामाजिक चेतना आवश्यक होती है। पिछले

## पाकुड़

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी की अध्यक्षता में बैठक-सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मियों को एसआईआर से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, शिक्षक (वॉलेंटियर), चौकीदार, ऑपरेटर बंटी गुप्ता सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।प्रशिक्षण के दौरान गणना प्रपत्र (एसआईआर फॉर्म) के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक प्रपत्र को निर्धारित प्रारूप के अनुरूप सावधानीपूर्वक भरना आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।एसडीओ साइमन मरांडी ने सभी संबंधित कर्मियों से जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पाकुड़ में शहीद एसपी अमरजीत बलिहार समेत पांच जवानों को श्रद्धांजलि



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। समाहरणालय परिसर स्थित अमरजीत बलिहार पार्क एवं अमरजीत बलिहार चौक में गुरुवार को शहीद पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमरजीत बलिहार सहित पांच शहीद जवानों की 13वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल, अपर समाहर्ता जैम्स सुरीन, एसडीपीओ कुमार गौरव सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने शहीद एसपी अमरजीत बलिहार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिला प्रशासन की ओर से शहीदों के परिजनों को शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया।श्रद्धांजलि समारोह के दौरान शहीदों के परिजनों की आंखें नम हो गईं और पूरा वातावरण भावुक हो उठा।इस मौके पर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि शहीद एसपी अमरजीत बलिहार और उनके साथ बलिदान देने वाले सभी जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जब देश और समाज की सुरक्षा के लिए बलिदान की बात आती है, तब उसमें किसी प्रकार का रैंक या पद नहीं देखा जाता। अधिकारी हो या जवान, सभी का बलिदान समान रूप से सम्मानित और स्मरणीय होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है और यदि देश व राज्य की सुरक्षा के लिए बलिदान देना पड़े तो वह सर्वोच्च सम्मान की बात है। गौरतलब है कि 2 जुलाई 2013 को तत्कालीन पाकुड़ एसपी अमरजीत बलिहार दुमका में आयोजित डीआईजी की बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के जमनी नाला के समीप घात लगाए नक्सलियों ने उनके काफिले पर हमला कर दिया था। इस हमले में एसपी अमरजीत बलिहार, आरक्षी चंदन थापा, चालक अशोक कुमार श्रीवास्तव तथा जवान राजीव शर्मा, संतोष मंडल और मनोज हेंब्रम शहीद हो गए थे। वहीं निजी चालक धनराज मढैया एवं एक अन्य जवान घायल हुए थे।

### मोरियो गांव में डायरिया और मलेरिया का प्रकोप,13 लोग बीमार,गांव में पहुँचकर स्वास्थ्य विभाग ने संभाला मोर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।प्रखंड के डुमरचिर पंचायत स्थित मोरियो गांव में गुरुवार को डायरिया और मलेरिया के मामलों के सामने आने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव के 13 महिला-पुरुष अचानक उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत से बीमार पड़ गए। सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अमड़ापाड़ा की मेडिकल टीम तत्काल गांव पहुंची और सभी मरीजों का इलाज शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम आवश्यक दवाइयों और चिकित्सीय सामग्री के साथ गांव पहुंची। जांच के दौरान सबीना मरांडी, सुहानती किस्कू, लुखी किस्कू, संतीना मुर्मू, मरांगबीटी मरांडी, तलामय हांसदा, संतोष किस्कू, पिनित मुर्मू, संझली हांसदा तथा सोनोती किस्कू में डायरिया की पुष्टि हुई। वहीं सोमला मरांडी, राजन टूडू और स्वीटी सोरेन मलेरिया से संक्रमित पाए गए।स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों का गांव में ही चारपाई (खटिया )में तत्काल उपचार शुरू किया। मरीजों को स्लाइन, ओआरएस, आरएल, डीएनएस सहित आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही संक्रमण की रोकथाम के लिए गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया।डॉ. खालिद अहमद ने ग्रामीणों से स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पीने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा बासी भोजन से परहेज करने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई के कारण सभी मरीजों की स्थिति में सुधार है और फिलहाल किसी की हालत गंभीर नहीं है। मेडिकल टीम गांव में लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### मानसून की बेरुखी से पाकुड़ के किसान परेशान सूखे जैसे हालात

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। जिले में मानसून की बेरुखी किसानों की चिंता लगातार बढ़ा रही है। जून का पूरा महीना बीत जाने और जुलाई की शुरुआत होने के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की खेती प्रभावित हो गई है। खेतों में धान का बिचड़ा तैयार है, लेकिन पानी के अभाव में रोपनी का काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।पाकुड़ जिले भर के अधिकांश किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। किसानों ने अपनी जमा-पूंजी लगाकर धान का बिचड़ा तैयार किया, लेकिन बारिश नहीं होने से अब उनकी मेहनत और निवेश पर संकट मंडरा रहा है। खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण बिचड़े का विकास भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह वह खराब होने लगा है।स्थिति यह है कि जिले के पारंपरिक जलस्रोत, जैसे तालाब और कुएं भी लगभग सूख चुके हैं। इससे कृत्रिम सिंचाई की संभावनाएं भी बेहद सीमित हो गई हैं। ऐसे में किसानों के सामने खेती के साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण की भी चिंता गहराने लगी है।किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जुलाई के शुरुआती सप्ताह में भी अच्छी बारिश नहीं होती है, तो प्रशासन को तत्काल सर्वे कराकर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही प्रभावित किसानों के लिए विशेष आर्थिक सहायता और मुआवजा पैकेज की व्यवस्था की जानी चाहिए।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जुलाई के मध्य या अंत तक बारिश होती भी है, तो देर से रोपनी होने के कारण धान के उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। इसका सीधा असर किसानों की आय के साथ-साथ जिले की खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ेगा।

### नशे के कारोबार की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला, मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के इशाकपुर नया टोला में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव और हमले का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस के अनुसार, ग्रामीणों से गांव में गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की सूचना मिलने पर गश्ती दल जांच के लिए इशाकपुर नया टोला पहुंचा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी आलमगीर आलम (22) को पकड़ लिया। आरोप है कि इसी दौरान उसके परिजनों और कुछ ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया तथा पथराव कर आरोपी को छुड़ा लिया।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव कुमार अतिरिक्त महिला एवं पुरुष पुलिस बल के साथ दोबारा गांव पहुंचे। पुलिस ने अभियान चलाकर मुख्य आरोपी आलमगीर आलम, उसके चाचा

रेजाबुल शेख (55) और उसकी मां मंजिला बीबी (40) को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुरुवार को तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले में 1 जुलाई 2026 को मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 83/26 के तहत 10 नामजद एवं 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी सेवक पर हमला करने तथा अन्य आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी पश्चिम बंगाल से गांजा एवं ब्राउन शुगर लाकर गांव में अवैध रूप से बेचने का कारोबार करता था।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर बीते 28 जून को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में महेशपुर थाना में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले पक्ष की ओर से शिवकुमार भगत ने थाना में आवेदन देकर एरात शेख, एकिम शेख, रहीम शेख, हबीब शेख एवं बाबुल शेख के खिलाफ जान से मारने की नीयत से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि मौजा संख्या-250, दाग संख्या-216 स्थित उनकी पैतृक दो बीघा चार कट्ठा साढ़े 16 धुर जमीन पर उनका वर्षों से कब्जा है। आरोप है कि 28 जून को नामजद आरोपी उक्त जमीन पर सीमेंट का पिलर लगाकर घेराबंदी कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भतीजे आशीष गुप्ता के साथ भी मारपीट कर गला दबाने का आरोप लगाया गया है। आवेदन के आधार पर महेशपुर थाना कांड संख्या 107/26 दर्ज किया गया है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से एरात शेख ने रामकुमार भगत, शिव कुमार भगत, राजू कुमार भगत, आशीष कुमार भगत, सोनू कुमार भगत, आयुष कुमार भगत एवं सुभाष कुमार भगत के खिलाफ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में महेशपुर थाना कांड संख्या 108/26 दर्ज किया गया है।पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### लर्नर लाइसेंस शिविर में 70 आवेदन प्राप्त हुए

पाकुड़ । राज्य सरकार के निर्देश एवं उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज के मार्गदर्शन में जिला परिवहन पदाधिकारी मुहम्मद मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल स्तर पर नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति (लर्नर लाइसेंस) शिविर का आयोजन किया जा रहा है।गुरुवार को पाकुड़ अंचल में आयोजित दो दिवसीय शिविर के दूसरे दिन 70 आवेदन प्राप्त हुए। सभी 70 आवेदकों को नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति प्रदान की गई। दो दिवसीय शिविर में कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शत-प्रतिशत निष्पादन करते हुए सभी 102 आवेदकों को लर्नर लाइसेंस जारी किया गया।शिविर के दौरान नागरिकों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्हें वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन


**दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका़**

भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न मुख्य परियोजना प्रबंधक/जीएसयू/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे खिला़ ठिका़ ता़री रे ई-ठिका़को नेवतायेत् काना। नोवाको ठिका़ ता़री रे मैनुअल दारखास रेयाक् मुंजुरी दो़ बा़नुक्आ आर ञामोक्आक् ओनकानाक् जाहांटाक् मैनुअल दारखास दो़ बा़तिलकाक्आ। **क्रम संख्या: 1। ठिका़ खो़बो़र संख्या: सीकेपी-जीएसयू-पीएसएसए26-27-05। का़मी रेयाक् ञुतुम:** गति शक्ति यूनिट, चक्रधरपुर मंडल ला़गित् प्रोजेक्ट सुपरविजन सर्विसेज एजेंसी (पीएसएसए) कोवाक् बाहाली। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 7,71,80,434.80। **बायना पायसा:** रु. 5,35,900। **झिजुक् रेयाक् ता़रीक:** 31.07.2026 हिलोक् तारासिञ 3.30 बजे। **क्रम सं या: 2। ठिका़ खो़बो़र संख्या: सीकेपी-जीएस-एडीडी-26-27-7। का़मी रेयाक् ञुतुम:** चक्रधरपुर, राज गंगपुर, पानपोष, डांगोवापोसी, जरोली, मनोहरपुर, राजखरसावां, गमहरिया, बिमलगढ़, सोनगरी, चाईबासा, बड़ा जामदा आर बदामपहाड़ रे सारेच् आकान एबीएसएस का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु.1,39,16,75,438.59। **बायना पायसा:** रु. 2,78,33,500। **झिजुक् रेयाक् ता़रीक:** 30.07.2026 हिलोक् तारासिञ 3.30 बजे। **ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़म: रु. 0** (क्रम संख्या 1 आर 2 मिमित् ला़गित्)। ठिका़ दो़ वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** रे हो़ ञेल दाड़ेयाक्आ। ठिका़दारको/बोलीदाताको ठेन क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र दो़ आसो़कायते होयोक् लेक काना आर ओना दो़ आईआरईपीएस पोर्टल ता़री रे आसो़कायते रजिस्टर्ड ताहेंन लेक काना। एकेन रजिस्टर्ड ठिका़दार/बोलीदाता गे ई-ठिका़ रेको सेलेत् दाड़ेयाक्आ। ई-ठिका़ रे सेलेदो़क् ओकते जो़तो़ जा़रूड़ो़क्आक् कागो़चको दो़ आसो़कायते अपलोडो़क्आ। **ञेललेक:** ई-ठिका़ प्रपत्र दो़ जो़तो़ ठिका़दारको मा़ड़नी ते जा़रीयाकोआ (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड रेयाक् चिठी संख्या: 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, मा़हित 16.07.2020)

**(PR-409)**

## कांग्रेस कमेटी के गठन पर उठे सवाल इंटक नेताओं ने सह-प्रभारी से की शिकायत



**देवघर।** देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिकांत यादव,कांग्रेस नेता रमाकांत यादव,जिला इंटक के कोषाध्यक्ष आशीष कुमार,नूनू खान,आफताब आलम,सोनू खान,दानिश शेख एवं रियाज खान ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी डॉ. सिरिवेला प्रसाद से देवघर सर्किट हाउस में मुलाकात कर जिला कांग्रेस कमेटी के गठन में कथित अनियमितताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जिला कांग्रेस कमेटी के गठन में पार्टी संविधान का पालन नहीं किया गया तथा वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नेताओं ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगातार सामाजिक भागीदारी बढ़ाने की बात कही जाती रही है, लेकिन समिति गठन में उस भावना का पालन नहीं हुआ। मुलाकात के दौरान नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस के एक प्रवक्ता द्वारा मुस्लिम समाज के प्रति कथित रूप से दिए गए आपत्तिजनक एवं भावनाएं आहत करने वाले बयान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान से पार्टी की छवि प्रभावित हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित प्रवक्ता को तत्काल पद से हटाने की मांग करते हुए संगठन में पारदर्शिता, वरिष्ठता और सभी वर्गों की सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में मिले 70 आवेदन



**देवघर।** उपायुक्त के निर्देश पर जिले के सभी 10 प्रखंडों में एक से 30 जुलाई तक चल रहे प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप के तहत गुरुवार को दूसरे दिन देवीपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में कैंप का आयोजन किया गया। जिला परिवहन विभाग की ओर से आयोजित इस कैंप में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। कैंप में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 23 अभ्यर्थी सफल रहे, जबकि 20 अभ्यर्थी परीक्षा में असफल हुए। 18 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए, जबकि नौ अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के साथ कैंप में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले नेक मददगार से जुड़े प्रावधानों और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कैंप के सफल संचालन में मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार झा, प्रथम कुमार रजवार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर तथा परिवहन विभाग के अन्य कर्मियों का सहयोग रहा।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने बूथ स्तर तक अभियान तेज करने का लिया संकल्प



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुरुवार को शांति आश्रम, देवघर में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र दास ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक में सीएलपी लीडर प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री बादल, गोड्डा लोकसभा प्रभारी गुंजन सिंह, जिला प्रभारी रविंद्र झा एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी सहित कई नेताओं ने अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय होकर अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि बेला प्रसाद ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दौरान सभी प्रखंड, नगर एवं मंडल अध्यक्षों से प्रगति रिपोर्ट ली गई तथा अभियान में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा झारखंड सरकार के कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के संथाल परगना दौरे की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन महासचिव गणेश दास एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेशानंद झा ने किया। बैठक में शबाना खातून, अशोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन के लाभ और कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी



**देवघर।** उपायुक्त के निर्देश पर देवघर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण को लेकर प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मियों को अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण की आवश्यकता, उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि बड़ी संख्या में श्रमिक बिना श्रमाधान पोर्टल पर पंजीकरण कराए स्वयं, मेट या ठेकेदार के माध्यम से दूसरे राज्यों में काम करने चले जाते हैं। ऐसे श्रमिकों का आर्थिक शोषण होता है और उन्हें कई बार न्यूनतम मजदूरी सहित अन्य कानूनी सुविधाएं भी नहीं मिल पातीं। इसलिए दूसरे राज्यों में काम पर जाने से पहले श्रमाधान पोर्टल पर पंजीकरण कराना और इसकी जानकारी श्रम विभाग को देना जरूरी है। साथ ही बिना लाइसेंस प्राप्त किए कोई भी ठेकेदार या मेट श्रमिकों को राज्य से बाहर काम के लिए नहीं ले जा सकता। कार्यशाला में बताया गया कि श्रमाधान पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले प्रवासी श्रमिक राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें कानूनी सुरक्षा और सरकारी सहायता भी उपलब्ध होती है। अधिकारियों ने बताया कि किसी एजेंट, सरदार या ठेकेदार के माध्यम से दूसरे राज्य में काम पर जाने वाले श्रमिकों को समझौता होने के दिन से ही मजदूरी का अधिकार मिलता है। इसके अलावा संबंधित ठेकेदार को विस्थापन भत्ते के रूप में आधे महीने की मजदूरी के बराबर अतिरिक्त राशि देनी होती है। आने-जाने का किराया और यात्रा में लगे समय का भुगतान भी ठेकेदार या मुख्य नियोजक की जिम्मेदारी है। मजदूरी और अन्य भत्तों के भुगतान की पहली जिम्मेदारी ठेकेदार तथा उसके बाद मुख्य नियोजक की होती है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि दूसरे राज्यों में श्रमिकों को काम पर भेजने वाले ठेकेदार के लिए श्रम विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ठेकेदार या एजेंट के माध्यम से जाने वाले श्रमिकों को पंचायत सचिव या श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी की ओर से निःशुल्क हरे रंग का पहचान पत्र जारी किया जाता है।

# फरार अपराधियों पर चलेगा विशेष अभियान लापरवाही पर होगी कार्रवाई : पुलिस निरीक्षक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को मधुपुर अंचल पुलिस निरीक्षक राउतू होनहांगा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के मारगोमुंडा, बुढ़ैई, करौं, पाथरोल एवं महिला थाना के थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अनुमंडल क्षेत्र में घटित आपराधिक घटनाओं, लंबित कांडों, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, सुरक्षा व्यवस्था, गश्ती अभियान तथा अपराध नियंत्रण की रणनीतियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। पुलिस निरीक्षक राउतू होनहांगा ने सभी थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों की अद्यतन



जानकारी प्राप्त करते हुए एक-एक कांड की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए तथा सभी मामलों का समयबद्ध अनुसंधान कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई से ही आम जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। बैठक में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी वारंटों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। पुलिस निरीक्षक ने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राउतू होनहांगा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सक्रिय पुलिसिंग की आवश्यकता पहले से अधिक है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने तथा अपराध की संभावनाओं को पहले ही चिन्हित कर समय रहते कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां नियमित एवं सघन गश्ती अभियान चलाने पर विशेष बल दिया। साथ ही बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं महत्वपूर्ण संस्थानों के आसपास पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## श्रावणी मेले में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक

### 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल करने का निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने तथा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए मेला क्षेत्र के किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाएगा। सभी होटल, ढाबे, रेस्तरां, मिठाई दुकान, चाय दुकान और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर का ही उपयोग अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि पांच किलोग्राम का छोटा गैस सिलेंडर छोटे परिवारों,



प्रवासियों और यात्रियों की व्यक्तिगत जरूरतों के लिए है। श्रद्धालु स्वयं भोजन बनाने जैसी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए इस सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन इसका व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने इंडियन ऑयल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी दुकानदार को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति श्रृंखला को निर्बाध, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## हिमांशु सिंह हत्या मामले में आजसू ने कार्रवाई नहीं होने पर दी बंद की चेतावनी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जमशेदपुर के बिष्टूपुर में हुई हिमांशु सिंह की हत्या को लेकर आजसू पार्टी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय सचिव एवं गोड्डा जिला प्रभारी ध्रुव प्रसाद साह ने आरोप लगाया कि यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था की विफलता का उदाहरण है। उनका कहना है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद युवक की हत्या हो गई, जिससे लोगों का सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और पुलिस अपराध पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। उनका आरोप है कि बिष्टूपुर की घटना के दौरान पुलिस समय रहते हस्तक्षेप नहीं कर सकी, जिसके कारण एक युवक की जान चली गई। ध्रुव प्रसाद साह ने मुख्यमंत्री से कई सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अपराधी पुलिस का भय नहीं मान रहे हैं तो



आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि केवल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला या हटाना पर्याप्त नहीं है। सरकार को पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। आजसू पार्टी ने इस मामले में पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। पार्टी ने मुख्यमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने, पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने, घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

# सड़क हादसा या साजिश? जेसीबी चालक की संदिग्ध मौत

## पत्नी ने हत्या की जताई आशंका

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जसीडीह थाना क्षेत्र के जोरामो गांव निवासी 28 वर्षीय पिंटू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पेशे से जेसीबी चालक था और पिछले पांच वर्षों से लहाबान क्षेत्र में काम कर रहा था। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे पिंटू यादव के छोटे भाई विष्णु यादव ने परिजनों को सूचना दी कि अंधारी डहर के पास सड़क दुर्घटना में पिंटू घायल हो गया है और उसे इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां पिंटू को मृत पाया। मृतक की पत्नी अगली कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में पति की मौत पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि पिंटू पिछले पांच वर्षों से लहाबान में जेसीबी चालक के रूप में काम कर रहा था। पत्नी ने आरोप लगाया कि गांव के रोहित यादव और बसंती देवी ने करीब डेढ़ महीने पहले उनके पति को जान से मारने की धमकी दी थी। उनका दावा है कि पिंटू की हत्या कर उसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई है। घटना के बाद परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सहित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है।

पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में सत्संग आश्रम आए श्रद्धालु की मौत

**देवघर।** देवघर में सड़क हादसे में सत्संग आश्रम आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। मृतक की पहचान 54 वर्षीय प्रसन्न शर्मा के रूप में हुई है। वह असम के दोरंग जिले के बोरी गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, सत्संग आश्रम के पास एक मालवाहक टोटो ने उनके टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रसन्न शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया कि प्रसन्न शर्मा दिहाड़ी मजदूर थे और सत्संग आश्रम आने के लिए देवघर पहुंचे थे। घटना की सूचना मिलते ही बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में शोक फैल गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

**मधुपुर ।** जसीडीह-मधुपुर रेलखंड पर स्थित एसएनक्यू -मथुरापुर स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 310/12-310/10 के पास अप एवं डाउन रेलवे ट्रैक के बीच गुरुवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शव काले रंग की पैंट और स्लेटी रंग की टी-शर्ट पहने हुए था। दुर्घटना के कारण मृतक के दोनों पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे तथा माथे पर भी गंभीर चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल/रेलवे पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई रेलवे टिकट, पहचान पत्र अथवा अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। हालांकि, तलाशी के दौरान एक सफेद रंग का ब्लूटूथ ईयरबड मिला। रेलवे पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर घटनास्थल पर लाया। इसी दौरान मृतक की पहचान उसके बड़े भाई कुमार सूरज ने प्रकाश कुमार (25 वर्ष) के रूप में की। मृतक रमेश्वर राम का पुत्र तथा संताली, जसीडीह थाना क्षेत्र, जिला देवघर का निवासी था।

## श्रावणी मेले की तैयारियों का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**देवघर ।** श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर देवघर नगर निगम ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त सुलोचना मीणा ने विभिन्न विभागों के अभियंताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करना था। निरीक्षण की शुरुआत शिवगंगा परिसर से की गई। यहां स्वच्छता, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके बाद शिवगंगा स्थित सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण कर नियमित सफाई, पर्याप्त जलापूर्ति, बेहतर रोशनी और अन्य जरूरी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। नगर आयुक्त ने नगर निगम की शयनशाला का भी निरीक्षण किया। यहां पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने आवश्यक सुधार कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके बाद नेहरू पार्क, क्लब ग्राउंड और नगर निगम के पुराने बस अड्डा परिसर का भी निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने संबंधित अभियंताओं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेला अवधि में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला देवघर की पहचान और आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। नगर निगम का प्रयास है कि हर श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिले। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और तय समय के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का भरोसा दिलाया।

## एसडीओ ने परखी मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति



**देवघर।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ विभिन्न घरों में जाकर मतदाताओं से बातचीत की और उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा जानकारी अद्यतन करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया गया। साथ ही फॉर्म सही तरीके से भरने की जानकारी दी गई, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। अधिकारियों ने लोगों को समय पर फॉर्म जमा करने के लिए भी प्रेरित किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 30 जून से शुरू हो चुका है और यह 29 जुलाई 2026 तक चलेगा। अभियान के तहत बीएलओ प्रत्येक घर में मतदाताओं को आंशिक रूप से भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म की दो प्रतियां उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता फॉर्म में मांगी गई जानकारी सही और पूरी तरह भरकर उस पर हस्ताक्षर करें तथा एक प्रति संबंधित बीएलओ को वापस जमा कर दें। दूसरी प्रति पावती के रूप में अपने पास सुरक्षित रखें, जो भविष्य में आवश्यक होने पर साक्ष्य के रूप में उपयोगी होगी। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा हो जाएंगे, उनके नाम 5 अगस्त 2026 को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में शामिल किए जाएंगे।

## मधुपुर थाना में तीन चौकीदारों को दी गयी विदाई



**मधुपुर ।** थाना परिसर में गुरुवार को सेवा निवृत्त तीन चौकीदार छत्तीस तुरी, सुदन राय, एवं मोहम्मद जैनुल के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने सेवानिवृत्त चौकीदारों के लंबे, ईमानदार एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद उपस्थित थे।उनके साथ पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजीव कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक राउतु होनहागा तथा महिला थाना प्रभारी ललिता कुजुर मौजूद रहीं।इसके अलावा सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार, संदीप भगत, शौकत खान, धर्मवीर भगत, शिव कुमार, एएसआई शशि भूषण राय, मोहम्मद मकबूल अंसारी, उमेश रजक सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि चौकीदार पुलिस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक निष्ठा और ईमानदारी से सेवा देना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। अंचल पुलिस निरीक्षक राउतु होनहागा ने कहा कि चौकीदार ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

# राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में देवघर के रक्षित ने जीते दो रजत पदक, थाईलैंड में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर के होनहार योगासन खिलाड़ी रक्षित चंद्र झा ने उत्तराखंड के रुड़की में 26 से 28 जून 2026 तक आयोजित वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए Traditional Yoga एवं Artistic Solo स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से करीब 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां रक्षित ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देवघर और झारखंड का गौरव




बढ़ाया।

रक्षित के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन सितंबर 2026 में थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में किया गया है। इस प्रतियोगिता में वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने रक्षित को बधाई देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि रक्षित थाईलैंड में भारत का तिरंगा बुलंद करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जिला ओलंपिक संघ उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करेगा।

जिला खेल प्राधिकरण, देवघर के सचिव आशीष झा ने कहा कि पिछले एक वर्ष से देवघर के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके पीछे प्रशिक्षकों की मेहनत और जिला ओलंपिक संघ द्वारा खिलाड़ियों को लगातार प्रतियोगिताओं का मंच उपलब्ध कराना प्रमुख कारण है। रक्षित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच विप्लव विश्वास और मोहित कुमार, देवघर जिला योग संघ तथा जिला ओलंपिक संघ को दिया। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन केकेएन स्टेडियम स्थित शारदा योग अकादमी में लगभग दो घंटे नियमित अभ्यास करते हैं। रक्षित की इस उपलब्धि पर जिला ओलंपिक संघ की सचिव चंदना झा, उपाध्यक्ष गोपा पाठक, सुरेश झा, संजय मालवीय, मनोज मिश्रा, बीरेंद्र सिंह, नवीन शर्मा, कृष्ण बरनवाल सहित खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों, परिजनों एवं देवघरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उनकी सफलता जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

# साहिबगंज में वाद विवाद और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज -43 वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव के तहत् विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं. इसके तहत् मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार हर्ष ,जिला शिक्षा अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 43 वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव के प्रधान संयोजक डॉ सच्चिदानंद ने कहा कि जिला स्थापना के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं.इसके तहत् वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया. साहिबगंज जिला का गौरवशाली इतिहास इसकी समृद्ध परंपराएं इसकी धार्मिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.ताकि स्कूली छात्र छात्राएं अपनी समृद्ध विरासत को समझे इस पर गर्व करें और इसे आगे बढ़ाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दें. 45 वां स्थापना महोत्सव का टैगलाइन साहिबगंज के लिए चलना है चलिए कदम से कदम मिलाकर चलिए है.अपने संक्षिप्त उद्घाटन भाषण में कुमार हर्ष ने कहा कि शिक्षा ही अंतिम विकल्प है मनोयोग से पढ़ें और विभिन्न गतिविधियों में बढ़-कर पर हिस्सा लें .इसका जीवन में बहुत महत्व है.कुमार हर्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से प्रतिभावान

# डीसी ने की जिला भू-अर्जन अंतर्गत कार्यो की समीक्षा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला भू-अर्जन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक हुई.बैठक में डीसी ने जिला भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने एनएच-80 फेज-2 परियोजना के अंतर्गत संरचनाओं के मुआवजा भुगतान हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही इस हेतु साहिबगंज सदर क्षेत्र में अधिग्रहित 3.21 एकड़ भूमि की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु अंचलाधिकारी साहिबगंज को निर्देशित किया.समीक्षा के दौरान बताया गया कि एनएचआई पीआईयू की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 451.402 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है. प्राप्त 452.36 करोड़ रूपया में से 433.87 करोड़ रूपया रैयतों के बीच वितरित किए जा चुके हैं तथा शेष 18.49 करोड़ रूपया का भुगतान प्रक्रियाधीन है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बरहरवा के पिपरा मौजा स्थित इंटेक वेल-सह-पंप हाउस निर्माण परियोजना के मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की गई तथा भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को स्थानीय विवाद का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया गया.बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड-शिवपहाड़ पथ निर्माण परियोजना में नोटिस वितरण के दौरान आ रही समस्याओं पर डीसी ने अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को रैयतों के साथ बैठक कर बाधाओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.समदानाला बंदरगाह रेल लाइन निर्माण परियोजना के अंतर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि बोरियो, साहिबगंज एवं तालझारी प्रखंडों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त हैं. परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कार्य के लिए एजेंसी का चयन नियमानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया.बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन प्रभारी अमर जॉन आईन्द, एक्का सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

# साहिबगंज के बरहेट में ऑटो और बाइक में टक्कर, दो बच्चें घायल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहेट- बरहेट थाना क्षेत्र के तीन मुहानी के पास गुरुवार को ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो बच्चे घायल हो गए. दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया. जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहेट निवासी 16 वर्षीय अहमद अंसारी अपनी मोटरसाइकिल से 8 वर्षीय शाहजी अंसारी को लेकर बरहेट बाजार आ रहे थे. इसी दौरान तीनमुहानी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो से उनकी बाइक की टक्कर हो गई. हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए.घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया. वहां चिकित्सक डॉ. संतोष टुडू ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया. चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है.

# तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन




संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - जिला शिक्षा परियोजना साहिबगंज के द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट बालक अंडर 15 , बालक अंडर 17,बालिका अंडर 17 एवं द्वितीय लिटिल चैंप बालक अंडर 12 का भव्य उद्घाटन गुरुवार को शहर के सिदो-कान्हू स्टेडियम में किया गया. बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेलकूद पदाधिकारी कुमार हर्ष ,अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल किक मारकर उद्घाटन किया.जिला खेलकूद पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा प्रखंड में जीत कर जिला में आना आपके शारीरिक शिक्षक और आपका कड़ी मेहनत और अभ्यास का परिणाम है. जीत और हार खेल का हिस्सा है. लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है आपका प्रयास और खेल-भावना.आपने जिस लगन के साथ यहां तक का सफर तय किया है. उसे ऐसे ही जारी रखें. मैदान पर आपका पसीना आने वाले कल के लिए आपको एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनायेगा.अपने प्रशिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करें.जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है.मौके पर जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम टूर्नामेंट संचालन के लिए शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार, मीरु सोरेन,बमबम कुमार रेफरी अनिल सोरेन मौजूद थे. विजेता टीमों को मेडल प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया.तीन जुलाई को बालक अंडर 17 एवं 04 जुलाई को बालक अंडर 15 वर्ष के मैच खेले जाएंगे. मैच परिणाम

1.अंडर 12 लिटिल चैंप्स बालक वर्ग के मैच में मंडरो ने बोरियो को, उधवा ने साहिबगंज को, पतना ने तालझारी को और राजमहल ने बरहरवा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया.

2.बालिका अंडर 12 वर्ग में प्रथम स्थान राजमहल,द्वितीय स्थान पतना एवं तृतीय स्थान साहिबगंज को मिला.

3.अंडर 17 बालिका वर्ग के मैच में पहले राउंड के लिए बरहरवा ने मंडरो को 02-01 से, पतना ने राजमहल को पेनल्टी शूट में 4-2 से,उधवा और साहिबगंज के बीच उधवा को वॉक ओवर मिला.वहीं बोरियो की टीम ने तालझारी को मात देकर अगले राउंड में प्रवेश किया.

4.बरहेट ने पतना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.सेमीफाइनल में बरहरवा ने बरहेट को हराकर फाइनल में प्रवेश किया.

5.बोरियो ने भी उधवा को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया.फाइनल के रोमांचक मुकाबले में बोरियो और बरहरवा में शानदार मैच पेनल्टी पर खत्म हुआ .बरहरवा ने पेनल्टी शूट आउट में बोरियो को 4- 3 से जीतकर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया.

6.लिटिल चैंप बालक अंडर 12 के फाइनल परिणाम में विजेता- पतना एवं उपविजेता - उधवा बना.

# महेशपुर-अमरापड़ा मार्ग पर 'मौत का गड्ढा', टूटा स्लैब बना जानलेवा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर(पाकुड़)।पथ निर्माण विभाग की घोर लापरवाही महेशपुर-अमरापड़ा मुख्य मार्ग पर लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। गोवलपाड़ा गांव स्थित सरिता पेट्रोल पंप के पास सड़क के बीचों-बीच पुलिया का स्लैब टूटे 20 दिन बीत गए, मगर विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया है। सड़क पर बना करीब 3 फीट चौड़ा गहरा गड्ढा 'मौत का गड्ढा' बन चुका है। टूटे स्लैब से निकली सरिया किसी की भी जान ले सकती है। न घेराबंदी, न चेतावनी बोर्ड–विभाग हादसे का इंतजार कर रहा है। रात में या बारिश में पानी भरने पर यह गड्ढा कब्र बन जाता है।स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीण सुनील मुर्मू ने कहा, ÷रोज बाइक वाले गिर रहे हैं। कल स्कूल ऑटो पलटते-पलटते बची। क्या विभाग किसी की मौत के बाद जागेगा?÷ यह मार्ग पाकुड़ जिले की लाइफलाइन है। एंबुलेंस, स्कूल बस समेत हजारों वाहन रोज गुजरते हैं। फिर भी अफसर आंख मूंदे बैठे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पथ निर्माण विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। 20 दिन में एक बैरिकेड तक नहीं लगाया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे में मरम्मत शुरू नहीं हुई तो सड़क जाम कर आंदोलन किया जाएगा। अगर इस गड्ढे में किसी की जान गई तो सीधी जिम्मेदारी पथ निर्माण विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, तीन गंभीर घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-आमड़ापाड़ा मुख्य सड़क पर घुन्दा पुल के समीप गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मधुचन गांव निवासी नरेश टुडू (40) अपनी पत्नी मारंगमय हेमब्रम (35) के साथ आमड़ापाड़ा की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हिरणपुर थाना क्षेत्र के तुरसाडीह गांव निवासी प्रीतम यादव की मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई।टक्कर के बाद तीनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पहुंची लिट्टीपाड़ा थाना पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लिट्टीपाड़ा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, पाकुड़ रेफर कर दिया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**Government of Jharkhand**
**Jharkhand Flying Institute**
**Department of Cabinet Secretariat & Vigilance**
**(Civil Aviation Division)**
**State Hangar, Birsa Munda Airport Road, Hinoo Ranchi-834002**
**E-mail-jfi.govtfly@gmail.com/jfi@jharkhandaviation.in,**
**Website-www.jharkhandaviation.in**

**Ref No.: Psychometric Test/81/2026/JFI-598 /Ranchi, Dated:-02.07.2026**

**Request for Quotation**

**Inviting request for quotation For conducting Psychometric Test/Pilot Aptitude Test for selection of Trainee Pilots in Sona Sobran Udan Academy (JFI) at Dumka**

Quotations are invited by the Managing Director, Jharkhand Flying Institute (JFI), State Hangar, Birsa Munda Airport Road, Hinoo, Ranchi, Jharkhand from reputed, experienced and technically qualified organizations/ institutions/ private agencies for conducting Psychometric Test/ Pilot Aptitude Test for selection of Trainee Pilots.

Interested organizations/institutions/private agencies who are willing to comply with the terms and conditions of this RFQ, may submit their bids to Managing Director Jharkhand Flying Institute, State Hangar, Birsa Munda, Airport Road Hinoo, Ranchi.

If any organizations/institutions/ private agencies are interested in the above process work, they are requested to quote their Lowest prices and proposal offline.

Details of RFQ are available on the IPRD, Jharkhand-www.prdjharkhand.in & JFI website:- https://www.jharkhandaviation.in.

The Schedule of Events for Different activities are given below:-

| Schedule of Events | | |
|---|---|---|
| Detail of Events | | Date |
| 1. | Publication of RFQ | 02/07/2026, 03:30 P.M. |
| 2. | Start of Submission of RFQ | 02/07/2026, 03:30 P.M. |
| 3. | Last date for submission of RFQ | 13/07/2026, 03:30 P.M. |
| 4. | Opening of Technical Bids. | 14/07/2026, 03:30 P.M. |
| 5. | Opening of Financial Bids. | After scrutiny of the Technical Bid |
| 6. | Award of agreement | Shall be notified later. |

Bidders are requested to check the official website of Jharkhand Flying Institute www.jharkhandaviation.in on a regular basis for updates.

Jharkhand Flying Institute, Govt. of Jharkhand reserves the right to cancel or modify any of the above conditions or cancel any or all RFQ without assigning any reasons.

Sd/-
Capt. S. P. Sinha
Managing Director-cum-Director Ops.,
Jharkhand Flying Institute

PR 383836 Civil Aviation(26-27).D

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस बरहेट-बरहेट प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का स्थल निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने पचकठिया, संथाली बांधटोला एवं सीमड़ा गांव पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया.निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने मतदाताओं से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिन पात्र मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं. उनका नाम किसी भी स्थिति में मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएंगा .उन्होंने लोगों से निर्धारित प्रपत्रों को सही जानकारी के साथ भरकर समय पर जमा करने की अपील की.बीडीओ ने बताया कि विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी गांवों में बीएलओ घर-घर जाकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं.उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद बीएलओ को कार्य में तेजी लाने, पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करने तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा. ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे.

# गुरु गोष्ठी में शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा एसआईआर अभियान में सहयोग के निर्देश

हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) हिरणपुर में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) सुधा कुमारी की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित हुई। बैठक में नामांकन, छात्र उपस्थिति, यू-डाइस, ई-विद्यावाहिनी, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, आधार सीडिंग, पुस्तक वितरण एवं अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय कार्य समय पर पूरा करने तथा विद्यार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन पर भी विशेष जोर दिया।बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा करते हुए शिक्षकों से बीएलओ को हरसंभव सहयोग देने की अपील की गई। इस दौरान प्रखंड के नवपदस्थापित बीपीओ श्याम ठाकुर का स्वागत किया गया। उन्होंने सभी शिक्षकों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया।

# पशुपालन योजनाओं को लेकर बैठक

बरहेट- बरहेट प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखियाओं के साथ बैठक हुई .बैठक का उद्देश्य सरकार की विभिन्न पशुपालन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र पशुपालक किसानों तक पहुंचाना था.बैठक में प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पशुपालन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बकरा विकास योजना, शुकर विकास योजना, कुक्कुट पालन योजना, बत्तख चूजा वितरण योजना, भेड़ पालन योजना तथा जोड़ा बैल वितरण योजना के बारे में बताया. साथ ही योजनाओं के तहत् मिलने वाले अनुदान की दर, लाभुकों को उपलब्ध कराए जाने वाले पशुओं की संख्या तथा लाभुक चयन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मुखियाओं से अपने-अपने पंचायतों में पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से वास्तविक जरूरतमंद पशुपालक किसानों तक पहुंचाना प्राथमिकता है.बैठक में प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-18, माहित: 30.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन चालु विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस आर सुपरवाइजरी लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् काना। **ठिका केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-18, कामी रेयाक् ञुतुम:** कामीको रेयाक् लातार रे ओलाकान टीआरडी अंशः (क) सीतारामपुर-झाझा खंड रेयाक् लाइन झमता बाड़हाव लागित् 06 आईबीपी बेबोसताय। (ख) सीतारामपुर रे 100 मीटर दाराय ते एचएल प्लेटफॉर्म नं. 03 लाट्य आर लाइन नं. 03 सालाक् ते ओआरएल रेयाक् प्रावधान। **ठिका रेयाक् पूंजी: रु.** 1,69,62,471.37, **बायना पायसा:** रु. 3,39,200/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** आंगोच साकाम ओडोक्ोक् रेयाक् तारीक खोन 12 (गेलबार) चान्दो। **कामी लागित् दारखास रेयाक् सोमोय:** झिजुक् रेयाक् तारीक खोन 60 दिन। **झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** माहित 04.08.2026 हिलोक् 15.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-159/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान

**नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**

# सास की हत्या में बहू दोषी करार, सजा पर 14 जुलाई को सुनवाई

रांची (हि.स.)। रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान सास की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बहू फूलो देवी को दोषी ठहराया है। अदालत सजा के बिंदु पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। मामले में फूलो देवी ट्रायल का सामना कर रही थी।

अभियोजन के अनुसार, घटना 9 जून 2024 को लापुंग थाना क्षेत्र के कारूंम गांव में हुई थी। आरोपित के पति ने घटना के बाद लापुंग थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी के मुताबिक, आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the**
**General Manager, Transmission Zone-II, Dumka**
**Email- gmtz6dumka@gmail.com**

**e-NOTICE INVITING TENDER**

e-Tender in two parts part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status :

| e-NIT No. | Name of works | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money to be deposited (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable) (In Rs.) | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 309/PR / JUSNL / 26-27 | Repairing and restoration of water supply system including installation of submersible pump, painting of fencing and allied civil works at 132/33 KV GSS, Amrapara. | 8,36,000.00 (Including GST& labou cess) | 16,800.00 | Rs. 1,250.00 + 18% GST = Rs. 1,476.00 | 02(Two) months |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | | | 07/07/2026 at 11:00 AM | | |
| Start Date & Time of Upload of BID | | | 07/07/2026 at 11:00 AM | | |
| End Date and Time of Upload of BID | | | 27/07/2026 Upto 03:00 PM | | |
| BID Opening Date for Technical Part | | | 28/07/2026 at 03:00 PM | | |
| BID Opening Date for Price Part | | | Will be Communicated later | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | General Manager Transmission Zone-II, Dumka. | | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.inAny details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (contact no.- 8292360941) during office hours.
2. The bid will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. If the last date of bid opening of tender happens to be a holiday, the tender will be opened on the very next working day, time and venue being same.

Tenderer will have to upload an affidavit on non-judicial stamp paper of requisite value prevailing in Jharkhand duly executed before notary that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited and other statement in the prescribed format in original. The original uploaded affidavit will have to be submitted in the office of the undersigned physically or by post within 30 (Thirty) days from the date of opening of Part-I (Technical and Commercial part). This will not impact the process of the tender.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-II, Dumka

PR 383853 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)#D

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल करियर सेन्टर दुमका।**

**भर्त्ती कैम्प सूचना।**

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत **दिनांक :–04 जुलाई, 2026 (शनिवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका** द्वारा **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक/आवेदिकाओं को सूचित किया जाता है कि **दिनांक– 04 जुलाई, 2026 (शनिवार ) को प्रात: 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका** में आयोजित **भर्ती कैम्प** में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RVS Skills Academy, Dumka | 04-07-2026 | Trainer/ Mobilizer | 30 | 10th GNM, ADCA | M/F | 18-35 | 20000/- | Dumka, Masalia, Kathikund,Ramgarh, Sikaripara,Gopikandar |
| 2 | BAJAJ Life Insurance, Dumka | | Insurance Consultancy | 50 | 10th | M/F | 18-45 | Commission Basis | Dumka |

**नोट** :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल **& www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** के होम पेज के **New Jobseeker** में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने **सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

सहायक निदेशक (नियोजन)
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका।

PR.NO.383834 Labour Employment and Traning(26-27):D

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, पाकुड़**

**मत्स्य पालकों/मत्स्य कृशकों के लिए निजी जमीन पर 0.1 हेक्टेयर के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा पाकुड़ जिले के मत्स्य पालकों/मत्स्य कृशकों को सूचित किया जाता है कि **चालू वित्तीय वर्ष–2026–27 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या– 15 रा0 (वि0) दिनांक– 23.06.2026** के द्वारा **''राज्य योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना'' के परिशिष्ट– VIII** के आलोक में निजी जमीन पर 0.1 हेक्टेयर (एक यूनिट) के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई दर के अनुरूप मो0– 14,00,000/–(चौदह लाख रूपये) मात्र अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला एवं सामान्य कोटि के लिए कुल– 04 यूनिट तालाब निर्माण की स्वीकृत प्राप्त है, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | योजना का नाम | कोटि | जलक्षेत्र | यूनिट | ईकाई लागत राशि (लाख में) | सरकार द्वारा देय अनुदान की राशि | लाभुक के अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) | अनुसूचित जनजाति | 0.3 हे0 | 3 यूनिट | 14,00,000/– प्रति यूनिट | 80% | 20% |
| | | अनुसूचित जाति | 0.1 हे0 | 1 यूनिट | | 80% | 20% |

**आवेदन हेतु अहर्त्ताएं** :–

1. जिन आवेदकों के घर के नजदीक इस योजना हेतु आवेदित जमीन है तथा पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
2. बायोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदक द्वारा आवेदित भूमि समुचित एवं अविवादित होनी चाहिए। तत्संबंधी शपथ–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
3. आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि पहले से बैंक में किसी ऋण के एवज में बंधक नहीं हो, शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
4. आवेदक द्वारा आवेदित भु–खण्ड पर उनका वैध दखल–कब्जा वर्त्तमान में बरकरार है, अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र/जमीनी प्रतिवेदन आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
5. इस योजना में तालाब निर्माण हेतु लाभुक का अंशदान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला कोटि के लिए 20% अथवा मो0– 2.80 लाख रूपये मात्र सामान्य कोटि के आवेदक के लिए 30% अथवा मो0– 4.20 लाख रूपये मात्र निहीत है, अतएव आवेदक को आर्थिक रूप से सक्षमता संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि आवेदक अपना अंशदान व्यय करने में सक्षम है।
6. आवेदक द्वारा आवेदित भुखंड पर किसी प्रकार का पूर्व से तालाब अथवा गड्ढे का निर्माण नहीं होना चाहिए।
7. आवेदन के साथ इस योजना हेतु आवेदित भुखंड का जियोटैग फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ आधार व पैन कार्ड की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदक का NFDP Portal पर निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदक द्वारा जाति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त योजना समाचार–पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन उपरांत इच्छुक मत्स्य कृशकों जिला मत्स्य कार्यालय, पाकुड़ से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते है। आवेदन–पत्र निःशुल्क वितरित की जायेगी।

आवेदन प्रपत्र प्राप्ति करने की अंतिम तिथि एवं समय :– **13.07.2026 को 05:00 बजे अप0 तक जिला मत्स्य कार्यालय, पाकुड़ में।**

आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– **15.07.2026 को 05:00 बजे अप0 तक जिला मत्स्य कार्यालय, पाकुड़ में।**

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
पाकुड़

PR 383771 (Fish)26-27*D

# डीसी दो़ प्रखंड ता़रीतेयाक् ड्राइविंग लाइसेंस कैंपए उढा़उ केदा

खोबोरिया

**पलामू।** जिला़ प्रशासन होतेते हो़ड़को ड्राइविंग लाइसेंस बाबो़त प्रखंड ता़री रे एमावाको मो़तलो़ब ते लुखीवार हिलोक् खो़न प्रखंड ता़रीतेयाक् ड्राइविंग लाइसेंस कैंपए एहो़प् केदा। अभियान रेयाक् पा़हिल दिन जिला़ लेस्लीगंज प्रखंड ताला तेयाक् लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय रे कैंप ओराम एना, नोआ दो़ जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए उढा़उ केदा। नोआ ओ़पसो़र रे उपायुक्त दो़ कैंप रे ऑन स्पॉट तेयार केत् 10 गो़टेच् ला़भुक ताला रे लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस हा़टिञात्कोआ। उनी दो़ ला़भुकको बोगेआसएमावाको तुलुच्ए मेन केदा जे ड्राइविंग लाइसेंस एकेन गा़डी



चालाव अनुमति गे बाङ, बो़रो़ङ सो़ड़ो़क सुरक्षा ला़गित् जि मेदारी रेयाक्हों चिन्हा़ काना।

का़मीहो़रा तायो़म हों कैंप रे लर्निंग लाइसेंसबेनाव रेयाक् प्रक्रिया लागातार जारी गे ताहेंयेना आर आयमा हो़ड़ दो़ नोआ रेयाक् लाभको उढा़उ केदा। उपायुक्त दो़ लर्निंग लाइसेंस ञामकेत् जुवा़नको ठेन गा़डी चालाव ओ़कते जावगे हेलमेट हो़रो़ग, निटरेस सीमा़ पालो़न, यातायात निया़मको पालो़न आर बुल हालो़त रे गा़डी बाङ चालावे आरो़जात्कोआ। उनीय मेन केदा जे सो़ड़ो़क घो़टो़नारे ढेरकाय दो़ लापरवाही खा़तिर ते जिवी चालाक् काना। जुदी जो़तो़ हो़ड़ यातायात निया़मको ईमानदारी सालाक्को पालो़ना तो़बेघो़टो़ना रे कोमाव दाड़ेयाक्आ। कैंप रे आरदासकोवाक् सुबिताला़गित् परिवहन विभाग होतेते जो़तो़ ञा़रूड़तेयाक् तकनीकी उपकरण एमात्को ताहेंना।

सांवते गे आरदास आर लाइसेंस बेनाव का़मी मोंज ते चालाव ला़गित् आयमा सं या रे कंप्यूटर ऑपरेटरको बाछाव तोयनात लेत्कोआ, नोआ ते ला़भुकको तुरा़ंत आर आलगा सेवा एम दाड़ेयात्कोआ। नोआ ओ़पसो़र रे जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोदकुमार, लेस्लीगंज अंचलाधिकारी जागो महतो, टोठरिया़ मुखिया घालो़क् परिवहन विभाग रेन पदाधिकारी आर का़मिया़को आर आयमा ओ़को़च् टोठरिया़ हो़ड़को सेलेत् एना।

# श्रेयस दो़ इंग्लैंड रे भारतीय कप्तान रूप रे जो़तो़ खो़न माराङ पारी रेयाक् रिकॉर्डए बेनाव केदा

खोबोरिया

**डरहम ।** भारतीय क्रिकेट टीम रेन नावां कप्तान श्रेयस अय्यर दो़ इंग्लैंड खिलाफ पा़हिल टी20 मैच रे अर्धशतक बेनावकेत् सांवते आ़डी माराङरिकॉर्डए बेनाव केदा। श्रेयस दो़ नोआ सांवते मा़ड़ा़ङ रेन पेया कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली आर रोहित शर्मा ताको हो़ंय लागा पारो़म केत्कोआ। श्रेयस दो़ नोआ मैच रे 47 बोल रे 68 रन बेनावकाते आपनार नौवां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतकए बेनाव केदा। कप्तान रूप रे उनीयाक् नोआ दो़ पा़हिल अर्धशतक ताहेंकाना। नोआ नागामिया़ पारी गातेयेन सांवते अय्यर दो़ नित इंग्लैंड रेयाक् धा़रती रे भारतीय कप्तान रूप रे जो़तो़ खो़न माराङ टी20 स्कोर बेनावाकात् खिलाड़ीय बेनावेना। उनी दो़ मा़ड़ा़ङ रेन



कप्तान विराट कोहलीयाक् रिकॉर्ड हो़ंय पारो़म केदा, ओका दो़ उनी साल 2018 रे कार्डिफ रे 47 रनए बेनाव लेदा। आर से नो़ते रोहित शर्मा दो़ 31 रन सालाक् तेपो़नाक् जायगा रे मेनाया आर महान कप्तान धोनी दो़ 30 रन (नाबाद) सालाक् ते मो़ड़ेंयाक् नंबर रे मेनाया। हें मेनखान, वैश्विक स्तर रे इंग्लैंड रे कप्तान होतेते जो़तो़ खो़न माराङ टी20 स्कोर रेयाक् रिकॉर्ड दो़ नित हों ऑस्ट्रेलिया रेन स्टीव स्मिथ ञुतुम रे गे 90 मेनाक्आ।

# घाटी रे तुरूई गो़टेच् गा़डी मित् एटाक् सो़ंगे ढो़को़रेन ते, गा़डी हिजुक् सेनो़क्-बोंद उता़रेना



खोबोरिया

**कोडरमा।** थाना टोठा रेयाक् रांची-पटना आसो़ल सो़ड़ो़क रे कोडरमा घाटी रेयाक् नौवां माइल सोर सा़गुनमाहां हिलोक् सो़ड़ो़क घो़टना रे पुरा़ घाटी रेन हो़ड़को आंद-मांदावेना। मित्टेन बाद मित्टेन होयेन घो़टना रे मोटामुटी तुरूई गो़टेच् गा़डी मित्-एटाक् आक् सो़ंगे ठो़को़रेना, नोआ इया़ते ताला ञिन्दा़ खो़न सा़रदीमाहां हिलोक् सेताक् हा़बिच् घाटी रे बानार नाखा रे गा़डी थारेना।

मेनखान माराङ काथा दो़ नोआ गे होयेना जे नोआघो़टना रे जाहां लेकानाक् माराङ घो़टना बाङ होयेना। कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार दो़य ला़ई केदा जे सा़गुनमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् बिहार खो़न रेडीमेड किचरिच् लादे कातेत् रांची तेको इदी येत्कान ताहेंन मित्टेन ट्रक नौवां माइल सोर रेआचका गे बाङ सामबाड़व लेन ते उलटा़वेना। घो़टना रे ट्रक रे लादेंगे ताहेंकान किचरिच् रेयाक् कार्टन दो़ सो़ड़ो़क रे तासीयेना। नोआ घो़टना रे चाक्लाविच् सुनील साव दो़ थो़ड़ागाने बाजावेना। घो़टना रेयाक् खो़बो़रको ञामकेत् सांवते गे थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एसआई धनेश्वर कुमार आर पुलिस बल दो़ क्रेन सालाक्ते ओन्डेको सेटेरेना। आ़डी कुरूमुटू तायो़म गे ट्रक दो़ सो़ड़ो़क खो़नको मित् आड़े कादा आर तासीवाकान ताहेंन कार्टनको दो़ ओ़चो़क् कातेत् सो़ड़ो़कको खा़ली केदा।

**गो़टा ञिन्दा़ जाम रेको फसाव ताहेंयेना सांगा़ड़िया**

घो़टना होयेन ते रांची-पटना आसो़ल सो़ड़ो़क सेच् लेका तेको चालाक्कान आयमा सांगा़ड़ियाको दो़ गो़टा ञिन्दा़ जाम रेको फसाव ताहेंयेना आर मुसकिलाक्को साहाव होयेन ताकोआ। नो़ते आयमा गा़डी चाक्लावको दो़ घो़टनाको बाडाय ञामकेत् रे बरही-गया सो़ड़ो़क सेच् लेका ते ओकोवाक् डाहारको बो़दो़ल केदा।

# मतदाताकोवाक् मिमित् मुसकिलाक् सो़मो़य रेको फाण्डाव पदाधिकारीको : के रवि कुमार

खोबोरिया

**रांची।** झारखंड रेन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार दो़य मेनाकादा जे पो़नो़त रे मतदाता सूची रेयाक् विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर ओ़कते मतदाताको सेच् खो़नको ला़लिसेत् दो़ सो़मो़य रे फाण्डावकाताकोपे। बीएलओ सेच् खो़न ओ़ड़ा़क् ओ़ड़ा़क् सेनकाते मतदाताको इन्यूमरेशन फार्म एमावाको काना, नोंकान हालो़त रे जुदी जाहांय मतदाता आकोवाक् फार्म पेरेज रे से एसआईआर बाबो़त जाहां लेकाको मुसकिलोक् सेको ला़लिसेत् काना तो़बे टोल फ्री नंबर 1950 रे से बुक ए कॉल सेच् खो़न एसआईआर बाबो़त जाहां लेकान ला़लिसको ला़गित् सोमपो़क ञा़रूड़ कानताकोआ। मु य निर्वाचन पदाधिकारी दो़ लुखीवार हिलोक् निर्वाचन सदन खो़न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होतेते जो़तो़ जिला़ रेन उप निर्वाचन पदाधिकारी आर हेल्प डेस्क मैनेजर सालाक्मतदाताको सेच् खो़न आयमा होरा ते हिजुक्आक् ला़लिसको फाण्डाव रेयाक्ए समीक्षायेत् ताहेंना। आदो़म मतदाता ओकादो़ आको रेन बीएलओसांवते सोमपो़क काते



आकोवाक् इंन्यूमरेशन फार्म ञाञामको खो़जो़क् काना से फार्म पेरेज रेको मुसकिलो़क् काना से जाहां लेकान ला़लिस मेनाक्आ तो़बे ओनको दो़ भारत निर्वाचन आयोग रेयाक् 1950 टोल फ्री नंबर रेको सोमपोक दाड़ेयाक्आ।

# उपायुक्त दो़ आ़डी ञिन्दा़ सदर हासपाताले ञेल ओ़नमान केदा, स्वास्थ्य सेवा बाबो़ते कुलीयाना

खोबोरिया

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला़ दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार दो़ बुधवार हिलोक् आ़डी ञिन्दा़ सदर हासपाताल, चाईबासा रे ञेल ओ़नमान काते स्वास्थ्य सेवाको आर हासपाताल रे मेनाक् सुबिताको बाबो़त रेयकुलीयाना। ओ़नमान ओ़कते उनी दो़ रूगीको बेसता़र आर गुनआनाक् उपचार रान एमावाको मो़तलो़ब ते आयमा बेबो़सताकोय समीक्षा केदा आर जो़नो़ड़ाव अधिकारीको ञा़रूड़तेयाक्ए हुकुमात्कोआ। ञेल ओ़कते रे उपायुक्त दो़ नावां बेनाव हासपाताल वार्ड ए ओ़नमान केदा आर ओण्डे रूगीको एमावाको कान सुबिताकोय कुलीयाना। इना़ तायनो़म इमरजेंसीवार्डए ओ़नमान केदा। नोआ ओ़कते भा़रती रूगीको आर ओनको घारो़ंज रेन सांवते गालमाराव काते स्वास्थ्य सुबिताकोय कुलीयाना।ओ़नमान ओ़कते मनीष कुमार दो़ सिविल सर्जन ञा़रूड़तेयाक् लेकातेवार्ड रे बा़ड़ती पांखा आर एयरकंडीशनर एसी लागावे हुकुमात्कोआ। उपायुक्त दो़ सदर हासपाताल रे मेनाक् ब्लड सेंटर हो़ंय ञेल ओ़नमानकेदा। उनी दो़ केंद्र रेयाक् कार्यप्रणाली आर एमावाक् बेबो़सताको समीक्षाय तुलुच् साफा सा़फी बेनाव दो़हो़ये हुकुमात्कोआ। ञेल ओ़कते मनीष कुमारे मेन केदा जे प्रोजेक्ट जागृति होते जिला़ रे लागातारस्वैच्छिक रक्तदान अभियानको चालावेत् काना, नोआ रेयाक् मोंजतेयाक्परिणाम जो़ सामाङ हेच् आकाना। उनीय मेन केदा जे लाहाते खो़न ब्लडसेंटर रेयाक् सुबिताको रे सुधार आकाना आर नोआ केटेच् तेबेनाव ला़गित् उसा़रा गे ञा़रूड़ो़क् उपकरण एमावाकोआ, जेमो़न जाहांय ञा़रूड़ाको रूगीको मायाम ओभाब आलो पाड़ावाय। ञेल ओ़नमान ओ़कते प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन घालो़क् हासपाताल प्रबंधन रेनएटाक् अधिकारी आर का़मिया़को हो़ंको सेलेत् एना।

# जुमी झागड़ा रे बार नाखा रेनको ला़लिस केदा

खोबोरिया

**महेशपुर, पाकुड़ ।** थाना टोठा रे जुमी झागड़ा रे पारो़मेन 28 जूनहिलोक् बार नाखा रेनको दाल पिटा़वेन मामला रे महेशपुर थाना रे बानार नाखा सेच् खो़न जुदा़ जुदा़को ला़लिस केस ओचोवाकादा। पुलिसदो़ बानार मामला रे केस ओ़ल काते जांचको एहो़प् आकादा।


मित् नाखा सेच् खो़न शिवकुमार भगत दो़ थाना रे ओ़ल आरदास एम काते एरात शेख, एकिम शेख, रहीम शेख, हबीब शेख आर बाबुल शेख खिलाफ रे मारपील घा़ल रेयाक् आरो़पे लागावाकादा। आरदास मेनाकाना जे मौजा सं या-250, दाग सं या-216 रे मेनाक् उनी आपाताक् बार बीघा़ पोन काठा साढ़े 16 धूर जुमी रे आयमा बो़छो़र खो़नको काबजा आकादा।आरोप मेनाक्आ जे 28 जून हिलोक् नामजद आरोपी ओना जुमी रेसीमेंट पिलार खूंटी कातेय घेराय एसेत्एत् ताहेंना।

विरोध केत् रे आरोपित दो़ एगेर तुलुच् उनी सांवते दाल मारपीट होयेना। बांचावे ला़गित् उनी रेन भतीजा आशीष गुहाय हेच्एना उनी हो़ंको दाल कातेहो़टो़क्को लिंबा़त आकादे रेयाक्ए आरो़प आकादा। आरदास आधार रे महेशपुर थाना कांड सं या 107/26 केस ला़लिस आकाना। नोते दोसार नाखा रेन सेच् खो़न एरात शेख दो़ रामकुमार भगत, शिवकुमार भगत, राजू कुमार भगत, आशीष कुमार भगत, सोनू कुमार भगत,आयुष कुमार भगत आर सुभाष कुमार भगत खिलाफ एगेर आर दादालरेयाक् धामकी एमो़क् रेयाक् आरो़प लागाव तुलुच्को लालिस आकादा। नोआ मामला रे महेशपुर थाना कांड सं या 108/26 ला़लिसराकाप् आकाना। पुलिस दो़ बानार नाखा रेनाक् आरदास आधार रेजो़नो़ड़ाव धाराको रे मामला ओ़ल राकाप् आकादा आर पुरा़उ मामला जांच रेको धुरा़उ आकाना।

# तेहेञ हों चेत् गे बाङ बो़दो़लाकाना अक्षय कुमार रेः रवीना टंडन

खोबोरिया

**मुंबई।** हा़ली रे गे सिनेमा ओड़ाक्को रे रिलीजेन फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' रे एक्टर अक्षय आर रवीना टंडन दो़ दोड़्हा सो़ंगे ते ञेल काते फैंस दो़ आ़डीको रा़सका़येना, मेनखान नोआ रीयूनियन खो़न खुद रवीना टंडन हों आ़डी रा़सका रे मेनाया। पुरा़उ 22 बो़छो़र तायो़म, बॉलीवुड रेन आइकॉनिक जोड़ी अक्षय कुमार आर रवीना टंडन दो़ आखिरकार ला़टू पर्दा रे मित् सो़ंगे तेकिन का़मी रूवा़ड़ केदा। रवीना दो़ अक्षय कुमार सालाक् ते



नुना़क् बो़छो़र तायो़म स्क्रीन शेयर रेयाक् आपनार आनाटकारे ला़ई केदा आर खिलाड़ी कुमार दो़ खुप्को सारहावेदे काना। रवीना टंडन दो़ आपनार मा़ड़ा़ङ रेन सह-सलाहकार अक्षय कुमार खुप्ए सारहाव केदेया। उनी दो़य मेन केदा जे सो़मो़य भले गे बो़दो़ल एना आर नुना़क् बो़छो़र पारो़मेनामेनखान अक्षयाक् आयाक् का़मी चेतान रेयाक् ला़गिया़पाड़ाव दो़ ओनका गेताया, चेत् लेका लाहा ताहेंकानताय। रवीना दो़य ला़ई केदा जे, नुना़क् बो़छो़र तायो़म अक्षय सो़ंगे दोड़्हा का़मीय दो़ आ़डी मोंज आनाटकार ताहेंकाना। सा़रीयाक् रे उनी रे दो़ तेहेञ हो़ंचेत् गे बाङ बो़दो़लाकाना। लाहा लेका गे आ़डी खाटा़ईया, सा़बुर आर आपनार का़मी ला़गित् ते ला़गिया़पाड़ाव।

# सदर हासपाताल रे एहो़प् एना नाहांक्तेयाक् गर्भनिरोधक इं प्लांट सेवा

**पश्चिमी सिंहभूम (खोबोरिया)।** जिला़ रेयाक् सदर हासपाताल, चाईबासा दो़ परिवार नियोजन सेवाको रे मित् नावां पोंथाय तुलुच् लुखीवार हिलोक् पा़हिल धाव नाहांक्तेयाक् गर्भनिरोधक इं प्लांट इं प्लानॉन एनएक्सटी रेयाक् मोंज ते होय एना। नोआ नावां पोंथा एहो़बो़क् ते जिला़ रेन मायजिवको नित आयमा सो़मो़य धा़बिच् प्रभावी ताहेंनान नाहांक्तेयाक् गर्भनिरोधक विकल्प टोठरिया़ ता़री रे गे एम दाड़ेयाकोआ। नोआ प्रक्रिया दो़ सदर हासपाताल रेन डॉक्टर डॉ पौलीना मुंडू आर उनीयाक् मेडिकल टीम दो़ मोंज तेको पुरा़उ केदा। हासपाताल प्रशासन लेकाते, नोआ गर्भनिरोधक तकनीकी सुरक्षित, प्रभावी आर आयमा सो़मो़य सुरक्षा एमो़क्आक् नाहांक्तेयाक् परिवार नियोजन विधिको रे सेलेत् मेनाक्आ। डॉक्टरको ला़ई केदा जे नोआ प्रक्रिया होते मायजिवकोवाक् चेतान तारीन हारता लातार माचिस रेयाक् तीली आकार रेयाक् मित्टेन का़टिच् आर ला़बित् इ प्लांट लागावाको काना। नोआ इ प्लांट बा़ई बा़ई ते हार्मोन आड़ा़क्एत् काना, नोआ ते मुटामुटी पे बो़छो़र धा़बिच् गर्भधारण रेयाक् संभावना आ़डी कोमावक् काना। जुदी मायजिव भविष्य रे गिदरा़ जो़ड़े खो़जो़क् काना तो़बे सिखिना़त हामेट डाक्टर ठेन नोआ आलगा तेय ओडोक ओचो दाड़ेयाक्आ। इं प्लांट ओ़चो़ग तायो़म मायजिव दो़ साधारो़न रूप ते गिदरा़य हाताव दाड़ेयाको दाड़े ताहेंन काना। डॉ पौलीना मुंडू दो़य मेन केदा जे नोआ सुबिता खासकाते आतोटोला आर सो़हो़र टोठ रेन ओनको मायजिवको ला़गित् पो़रहो़वानाक् होयोक्आ, ओ़को़य दो़ सुरक्षित, सुबितावानाक् आर आयमा सो़मो़य धा़बिच् प्रभावी परिवार नियोजन रेयाक् विकल्पको खो़जो़क् काना।



# प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राम प्रसाद आ़डी मान-माना़ेत सालाक् तेय आताङ दाराम केदेया कर्मचारी संघ

**दुमका।** झारखंड चिकित्सा आर जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ दुमका दो़ जिला रेन नावां गेय बाहालीवाकान प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राम प्रसाद बाहा थुपला़क् एम कातेत्को आताङ दाराम आर मानमानो़त् केदेया। संघ रेन पदाधिकारीको दो़ उनी नावां जिमा़बा़री सामबड़ाव ला़गित् ते बो़गे आस एमावाय तुलुच् मो़ज स्वास्थ्य सेवा एमावाको ला़गित् तेको आस एना। संघ रेन अध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर, सचिव कैलाश प्रसाद साह, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आर जामा प्रखंड सचिव मनमोहन कुमार ताको दो़ प्रभारी सिविल सर्जन सो़ंगेको ञामापेना। उन ओ़कते उनी दो़ जिला रेन स्वास्थ्य बेबो़सता आर मो़ज ते चालाव बेनाव आर कर्मचारीकोबाबो़त रे जुदा़-जुदा़ मुद्दा रे मो़ज तेको गापालमाराव केदा। संघरेन पदाधिकारी दो़ आसको दो़हो़ केदा जे डॉ. राम प्रसादाक् आ़युर रे जिला रेयाक् स्वास्थ्य सेवा रे आर सुधार होयाक्आ आर हो़ड़को सांतवे स्वास्थ्य कर्मीकोवाक् भा़लाई ला़गित् ते हों जो़तो़वाक् धियानको दो़हो़या।

## मंत्री दो़ 25 गो़टेच् बीडीओय एमावात्कोआ विभागतेयाक् गा़डी

**रांची।** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य आर पंचायती राज विभाग सेच् खो़न पो़नो़त रेन 25 गो़टेच् प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओको विभागतेयाक् गा़डीय एमात्कोआ। झारखंड मंत्रालय रे ओरामेन का़मीहो़रा रे आसो़ल पेड़ा़ विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह दो़ गा़डीको हा़रियाड़ झांण्डीय तुलात् तेय कोल केदा। ताक रे उनी दो़ जो़तो़ नावां बाछाव बीडीओ बोगेआसे एमात्कोआ। मेन केदाय जे नोआ पोंथा ते विकास योजनाको रेयाक् जमीनी निगरानी, क्षेत्रीय निरीक्षण आर हो़ड़कोवाक् मुसकिलाक् तुरा़ंत फाण्डाव रे उसा़राक्आ। मंत्री दो़ अधिकारीको ठेन संवेदनशीलता, पारदर्शिता आर जवाबदेही सालाक्का़मीय रेयाक्ए लिलका़र केत्कोआ। मेन केदा जे प्रखंड विकासपदाधिकारीकोवाक् का़मीधारा ते सरकाराक् छवि बेनाक् काना,ओनाइया़ते टालमटोल रेयाक् प्रवृत्ति खो़न बांचाक् तुलुच् योजनाकोसो़मो़य लेकाते चालावबानाव होयोक् मा। मंत्री दो़य मेन केदा जे निहा़ली रे अधिकारीको रे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर, पेसा का़नून रेयाक् प्रभावी चालावबानाव आर आतो विकास योजनाको चालाव रेयाक् ञा़रूड़ान जि मेदारी काना। उनी दो़ पंचायतको आय रेयाक् स्रोत बाढ़ाव, डिजिटल पंचायत बेबो़सता केटेज आर पंचायत ता़री रे ञा़सती खो़न ञा़सती सेवा एमावाको रे हों जो़रे एम केदा।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Office of the
General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email- gmtz6dumka@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances NIT No. 231/PR/JUSNL/2026-27 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 381036

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-II, Dumka

PR 383858 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)26-27*D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
(जिला भू अर्जन शाखा)
दूरभाश सं० :–06432-232680फैक्स :–06432-232967
ई–मेल :–deoghardlao@gmail.com

**–ः संसोधित कार्यालय आदेश ः–**

सारवां **(NH-114A)** से पालोजोरी भाया रायकुण्ड–महापुर पथ **(कुल लम्बाई–28.110 कि०मी०) का चौड़ीकरण** एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण **कार्य (पुल निर्माण सहित)** अन्तर्गत इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–598/भू अ०, देवघर, दिनांक–19.06.2026 **PR No-382932** द्वारा दिनांक–03.07.2026 को ग्राम सभा पंचायत भवन–खिजुरिया में निर्धारित किया था। उक्त आदेश में आंशिक संसोधन करते हुए ग्राम सभा **पंचायत भवन–महापुर** को निर्धारित किया जाता है।

शेष आदेश यथावत रहेगें।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
देवघर

PR 383814 Deoghar(26-27)#D

**झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**
**(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)**
**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत झारखण्ड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 (विज्ञापन संख्या–02/2025) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 16.06.2026 को उर्दू, संथाली, बंगला, मुण्डारी, हो, कुडुख, कुरमाली, नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा एवं उड़िया विषय के प्रकाशित परीक्षाफल के आलोक में आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों/दिव्यांग्ता प्रमाण–पत्र आदि (अभ्यर्थियों द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को समर्पित किये गये मूल आवेदन–पत्र में अंकित अभ्युक्तियों एवं आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये गये वांछित सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) का मिलान करते हुए विषयवार सफल अभ्यर्थियों का दिनांक 07.07.2026 (मंगलवार), दिनांक 08.07.2026 (बुधवार) एवं दिनांक 09.07.2026 (बृहस्पतिवार) को निम्न कार्यक्रमानुसार काउन्सिलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :–

| स्थान | समय | तिथि | विषय |
|---|---|---|---|
| एम.डी.आई भवन, प्रथम तल स्थित सभागार, धुर्वा। | 11:00 बजे पूर्वाह्न से। | 07.07.2026 (मंगलवार) | उर्दू, बंगला, मुण्डारी एवं उड़िया |
| | | 08.07.2026 (बुधवार) | संथाली, पंचपरगनिया एवं कुरमाली |
| | | 09.07.2026 (बृहस्पतिवार) | नागपुरी, खोरठा, हो एवं कुडुख |

अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रमानुसार अपने योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं तत्संबंधी सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ–साथ आवेदन पत्र में संलग्न किये गये पासपोर्ट साईज का फोटो की तीन स्वअभिप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी काउन्सिलिंग में उपस्थित नहीं होंगे, उनका नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

ह0/–
(राजेश प्रसाद)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची।

PR 383776 Human Resource Developement (26-27)D

**जिला उद्यान कार्यालय, दुमका**
**एग्रोटेक्नोलॉजी पार्क कड़हरबिल, दुमका**
(Email ID-dho.dmk@gmail.com)

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड राँची के राज्यादेश संख्या–29, दिनांक–24.06.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" में शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण सुनिश्चित करने तथा भूमंडलीय उश्मीकरण (Global Warning) हमले के विरुद्ध पर्यावरण संतुलन बनाये रखने एवं पौशिणक सुरक्षा प्रदान करने, आजीविका के स्थाई स्रोत का सृजन कराने साथ ही रोजी–रोटी तथा भोजन के लिए पलायन को रोकने के उद्देश्य से प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग योजना के तहत शहरी इलाकों एवं उससे सटे हुए आस–पास के क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के आवासीय परिसर में खाली पड़े छोटे भू–खण्ड,सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो में Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु उक्त योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। सरकारी परिसर में शत प्रतिशत अनुदान एवं निजी भाहरी परिवार को खाली पड़े भू–खण्डों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

उपरोक्त के आलोक में उक्त योजना अंतर्गत अवयवों का लाभ प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति/किसान दिनांक–03.07.2026 से जिला उद्यान कार्यालय, दुमका से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र में पूर्ण विवरण के साथ नगर परिषद्, वार्ड पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/VLW/ ATM/ BTM/ वैज्ञानिक के द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक–25.07.2026 संध्या 05:00 बजे तक जिला उद्यान कार्यालय, दुमका में जमा करेगें, अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्य पूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य कारणों के उपरांत आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त योजनाअंतर्गत SC, ST, लघु एवं सीमांत एवं महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**नोट :–**
1. आवेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड, एवं जमीन का रसीद/पर्चा का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. झारखण्ड PESA नियमावली 2025 का अनुपालन करेगें।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
दुमका।

**PR.NO.383738 Agriculture(26-27):D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर**

**अतिअप्लकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 09.07.2026 **(1:00 बजे अपराह्न तक)**
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 11.07.2026 **को 3:00 बजे अपराह्न तक**
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.07.2026 **को 3:30 बजे अपराह्न**
5. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर/ अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय भवन अंचल दुमका।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : यथोक्त।
7. कार्य का विवरण : :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PCC Road Nirman Sukdev Murmu ke ghar se Babulal Soren ke ghar tak, Vill- Nemuwadih, PS- Sikitiya, Block-Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 2 | PCC Road Nirman Anganwari Kendra se Joriya tak, Vill-Dulampur, PS- Sikitiya, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 3 | PCC Road Nirman Stephen Marandi ke ghar se UP School Bhawan tak, Vill- Bhawandiha, PS- Darwa, Block-Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 4 | PCC Road Nirman Kol ke ghar se Malti Devi ke ghar tak, Vill- Kaniyadih, PS- Darwa, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 5 | PCC Road Nirman Ganesh Soren ke ghar se Aam ghar tak, Vill- Darwa, Adiswa Tola, PS - Darwa, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 6 | PCC Road Nirman Pradhan Kisku ke ghar se Joriya tak, Vill- Mednisray, PS- Dhamni, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 7 | PCC Road Nirman Manjhlu Hembram ke ghar se Pran Tudu ke ghar tak, Vill- Dhamni, PS- Dhamni, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 8 | PCC Road Nirman Kol Tola me, Vill - Dhamni Kol tola, PS-Dhamni, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 9 | PCC Road Nirman Mukhpath se Kahnu Murmu ke ghar tak, Vill- Kiyajori, PS- Dhamni, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 10 | PCC Road Nirman Bagan Kisku ke ghar se PS School Bhawan tak, Vill- Rajdaha Tola Kharbariya, PS-Ghagharjori, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 11 | PCC Road Nirman Tuplal Hembram ke ghar se Fogha Hembram ke ghar tak, Vill- Lahiyatnd Santhal Tola, PS-Ghagharjori, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 12 | PCC Road Nirman Faghu Kisku ke ghar se Chattu kol ke ghar tak, Vill- Rajdaha kol tola, PS- Ghagharjori, Block-Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 13 | PCC Road Nirman Seche Bhage se UP School Bhawan tak, Vill- Asta tola Rupabad, PS- Sugapahari, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 14 | PCC Road Nirman Bhura Bhuri Than se Ghanghi pahari tak, Vill- Sugapahari Tola Neyadih, PS- Sugapahari, Block-Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 15 | PCC Road Nirman Kalbhat se Chandu Murmu ke ghar tak, Vill- Asta Tola, PS- Sugapahari, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 16 | PCC Road Nirman Shivlal Hembram ke ghar se Bargad per tak, Vill- Bhalpahri, PS- Baranarayanpur, Block- Madhupur, Dist- Deoghar | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 17 | PCC Road Nirman Jharna Path se Sukdev Kol tak, Vill-Chotanarayanpur, PS- Baranarayanpur, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 18 | PCC Road Nirman Sahdev Soren ke ghar se Badku Soren ke ghar tak, Vill- Udaytola, Purnadih, PS- Udaypur, Block-Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 19 | PCC Road Nirman Shivlal Hembram ke ghar se Bargad Per tak, Vill- Dab, PS- Jabhaguri, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 2,488,400.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

1. कार्यावंटन के उपरान्त निदेशित किये जाने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा कार्यावंटन रद्द कर अग्रधन की राशि जब्त करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुसंशा कर दी जाएगी।
2. **वैसे संवेदक/एजेन्सी जिनका विभागीय कार्य समानुपाति प्रगति पर नहीं है एवं एक साथ कई कार्य लंबित रखे है साथ ही जिन्हे कार्य आवांटित है एवं एकरारनामा नहीं किया हो की निविदा विचारणीय नहीं होगा।**
3. सभी संवेदक अपने घोशणापत्र पर साफ–साफ अपना पुरा पता, मोबाईल नंबर /Whatsapp Number एवं Email id देना होगा ताकि संपर्क करने में सुविधा हो।
4. निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, देवघर

**PR 383753 (Building)26-27*D**

## बाइक सवारों पर मारपीट गाली-गलौज और 17 हजार रुपये छीनने का आरोप

**सरैयाहाट।** तालझारी थाना क्षेत्र के एक युवक ने बाइक सवार दो युवकों पर मारपीट, गाली-गलौज और 17 हजार रुपये छीन लेने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन के अनुसार, पीड़ित अनिल दास ग्राम फुलजोरी थाना तालझारी ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब चार बजे वह अपने भाई मोहन दास के साथ बाइक से शादी की कार्ड छपवाने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कपरजोड़ा और जियाजोर के बीच एक मोटरसाइकिल सवार पीयूष मिश्रा ग्राम मटिहानी ने उनकी बाइक को रोक दिया। और उसकी गाड़ी का चाभी छिन लिया। जिसके बाद पीयूष ने फोन कर विकास यादव ग्राम अमचुड़ा और दो अन्य युवकों को बुलाया। आरोप है कि उसके बाद सभी युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़ित की जेब से 17 हजार रुपये निकाल लिए गए तथा उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आवेदन में पीड़ित ने दो आरोपियों की पहचान होने का दावा करते हुए उनके और दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एसआइआर लेकर जरमुंडी में बीएलओ और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित



**जरमुंडी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय, जरमुंडी के सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी, कुंदन भगत ने की। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर सत्यापन, मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के विवरण के अद्यतन तथा अनमैप्ड मतदाताओं के सत्यापन एवं मैपिंग की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में मतदान केंद्र संख्या 01 से 80 तक के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय सत्र में मतदान केंद्र संख्या 81 से 159 तक के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन भगत ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त भवेश दास को दी गई भावभीनी विदाई

**जरमुंडी।** बासुकीनाथ नपं कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।नपं अध्यक्ष श्याम देवी, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सार्जेंट मरांडी व सभी वार्ड पार्षद की उपस्थिति में नपं कर्मी भवेश दास को भावभीनी विदाई दी गई। भवेश दास को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके लंबे सेवाकाल, कार्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण की सराहना की। अपने संबोधन में भवेश दास ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत परिवार से मिले सहयोग और स्नेह को वह जीवनभर नहीं भूलेंगे।

## सीएस का कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन



**दुमका।** स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ की दुमका इकाई ने जिले के नवनियुक्त प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राम प्रसाद का जोरदार स्वागत किया। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर नई प्रशासनिक जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने जिले की चिकित्सा व्यवस्था को ज्यादा मजबूत और मरीज हितैषी बनाने पर चर्चा की। इसके साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले जमीनी कर्मचारियों की समस्याओं और विभागीय मुद्दों पर भी सकारात्मक बातचीत हुई। संघ के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि नए सिविल सर्जन के कुशल नेतृत्व में आम जनता को बेहतर इलाज मिलेगा और स्वास्थ्यकर्मियों की जायज मांगों का भी समय पर निपटारा होगा। इस गरिमामयी स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर, सचिव कैलाश प्रसाद साह, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार और जामा प्रखंड सचिव मनमोहन कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एसपीटी एक्ट को दरकिनार कर सेलेबुल मौजों में ग्राम सभा अध्यक्ष चयन का आरोप

**रानीश्वर (दुमका)।** रानीश्वर प्रखंड के कुमिरदहा पंचायत अंतर्गत कुमिरदहा, महिषबाथान, रामेटिया और गिरिपुर सहित विभिन्न सेलेबुल मौजों में ग्राम सभा के अध्यक्ष चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एसपीटी एक्ट के प्रावधानों की अनदेखी कर नियमों के विपरीत ग्राम सभा के अध्यक्षों का चयन कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सेलेबुल मौजों में एसपीटी एक्ट के तहत ग्राम प्रधान चयन की व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद अंचल अधिकारी द्वारा विभिन्न सेलेबुल मौजों में ग्राम सभा के अध्यक्ष का चयन कराया जा रहा है। आरोप है कि चयनित अध्यक्ष स्वयं को ग्राम प्रधान बताकर कार्य कर रहे हैं, जबकि एसपीटी एक्ट के तहत ग्राम प्रधान के चयन का अनुमोदन अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जाता है। जानकारी के अनुसार पंचायत व्यवस्था लागू होने से पहले ग्राम सभा सशक्तिकरण के तहत ग्राम सभा अध्यक्ष का चयन किया गया था। लेकिन पंचायतों के गठन के बाद ग्रामीणों का दावा है कि ग्राम सभा अध्यक्ष का वह पद स्वतः समाप्त हो गया। इसके बावजूद नियमों के विरुद्ध नए सिरे से ग्राम सभा अध्यक्षों का चयन कराए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। महिषबाथान मौजा के रैयतों ने आरोप लगाया है कि बिना विधिवत ग्राम सभा की बैठक आयोजित किए ही गांव के बाचू मंडल को ग्राम सभा का अध्यक्ष चुन लिया गया।

## रात्रि के अंधेरे में फाइलेरिया के खिलाफ जंग

**गोपीकांदर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोपीकांदर प्रखंड के ओडमो पंचायत अंतर्गत कोल्हा गांव में एक विशेष रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों में फाइलेरिया रोग की समय पर पहचान करना और इस बीमारी के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण पाना था। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए निर्धारित 300 व्यक्तियों के लक्ष्य के मुकाबले कुल 93 ग्रामीणों के रक्त के नमूने रात के समय एकत्रित किए। इसके साथ ही मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को फाइलेरिया रोग के लक्षण, इससे बचाव के तरीकों और समय पर जांच कराने के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समाज को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। इस अभियान को सफल बनाने में बीडी सुपरवाइजर प्रेमतोष बास्की, प्रयोगशाला प्रावैधिक जोनाथन मुर्मू, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता मस्तान मुर्मू, राजेन्द्र हेम्ब्रम, चंद्रभूषण मोहली, राजेश हांसदा, सहिया सोनी हेम्ब्रम और सेविका तेरेसा मुर्मू सहित अन्य स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिना सूचना बिजली काटी तो खैर नहीं, एक दिन पहले अखबारों में देनी होगी सूचना : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** जिला समाहरणालय में गुरुवार को बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिले की विद्युत आपूर्ति और मेंटेनेंस कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि बिजली व्यवस्था में सुधार के कार्यों को तय समय सीमा के भीतर व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जाए।




**अतिरिक्त मैनपॉवर लगाएं, लेकिन जनता को परेशानी न हो**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेंटेनेंस से जुड़े कार्यों की गति बढ़ाने के लिए यदि आवश्यक हो, तो अतिरिक्त कर्मचारियों और मैनपॉवर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता आम जनता को निर्बाध बिजली सेवा उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी काम में देरी के कारण नागरिकों को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

**लापरवाही पर होगी सीधी कार्रवाई**

समीक्षा के दौरान डीसी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि सरकारी कार्यों में अनावश्यक देरी या किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के स्तर पर काम में कोताही पाई गई, तो उनके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**कटौती से एक दिन पहले अखबारों में देनी होगी सूचना**

जनहित को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने एक बड़ा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यदि मेंटेनेंस कार्यों के लिए बिजली की आपूर्ति बंद करनी पड़ती है, तो इसकी जानकारी एक दिन पहले समाचार पत्रों और अन्य संचार माध्यमों से आम जनता तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए। डीसी ने कहा कि आज के समय में लोगों के कई महत्वपूर्ण और आपातकालीन कार्य पूरी तरह बिजली पर निर्भर हैं। ऐसे में बिना पूर्व सूचना के अचानक बिजली काटना पूरी तरह गलत है। एडवांस में जानकारी मिलने से लोग अपनी जरूरत के अनुसार पहले से तैयारियां कर सकेंगे।

**ट्रांसफॉर्मर बदलने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर**

इस उच्चस्तरीय बैठक में जिले के खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने, जर्जर तारों को दुरुस्त करने और बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने जैसे कई तकनीकी बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन सभी कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## फाइलेरिया को लेकर लिए गए रक्त के नमूने

**गोपीकांदर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोपीकांदर प्रखंड के ओडमो पंचायत अंतर्गत कोल्हा गांव में एक विशेष रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों में फाइलेरिया रोग की समय पर पहचान करना और इस बीमारी के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण पाना था। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए निर्धारित 300 व्यक्तियों के लक्ष्य के मुकाबले कुल 93 ग्रामीणों के रक्त के नमूने रात के समय एकत्रित किए। इसके साथ ही मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को फाइलेरिया रोग के लक्षण, इससे बचाव के तरीकों और समय पर जांच कराने के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समाज को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। इस अभियान को सफल बनाने में बीडी सुपरवाइजर प्रेमतोष बास्की सहित अन्य स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर नाबालिग को ले जाने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े घर में घुसकर नाबालिग लड़की के कथित अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पीड़िता की मां द्वारा थाना में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार, 30 जून की दोपहर करीब 12 बजे वह घर के बाहर चापाकल पर स्नान कर रही थी, जबकि उसकी नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही आकाश कुमार यादव कथित रूप से घर में जबरन घुस गया और शादी की नीयत से नाबालिग को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। बताया गया कि लड़की के शोर मचाने पर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता की मां ने सरैयाहाट थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पीड़िता को मेडिकल जांच एवं मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए दुमका भेजा गया है। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा विधि सम्मत कार्रवाई जारी है। घटना के बाद गांव में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डोली कुमारी हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रामगढ़ (रामगढ़) ।** शंकरपुर गांव में 19 वर्षीय नव विवाहिता डोली कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त एवं मृतका के पति चंदन पंडित (पिता- नाजिर पंडित), निवासी शंकरपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया।न्यायालय में पेशी के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई रामगढ़ थाना कांड संख्या 46/26, दिनांक 01 जुलाई 2026 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 80(2), 85, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत मामला दर्ज है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले से जुड़े प्रत्येक पहलू की निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है।घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच तथा संबंधित लोगों के बयान के आधार पर अनुसंधान आगे बढ़ाया जा रहा है। जांच के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि यह मामला शंकरपुर गांव में विवाहिता डोली कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद सामने आया था। मृतका के पिता ने रामगढ़ थाना में लिखित आवेदन देकर पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज की मांग एवं प्रताड़ना का आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया और नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच में जुटी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि मृतका के परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर निष्पक्ष एवं कानून सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वीर शहीद अमरजीत बलिहार को पुलिस केंद्र में दी गई श्रद्धांजलि

**संताल एक्सप्रेस संवादादता**

**दुमका ।** पुलिस केंद्र में आज भारतीय पुलिस सेवा के वीर शहीद अमरजीत बलिहार की पुण्यतिथि पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहीद अमरजीत बलिहार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से दुमका के पुलिस अधीक्षक श्री पीताम्बर सिंह खेरवार उपस्थित थे। उनके साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) दिलीप



खलखो, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) श्री संदीप भगत, परिचारी प्रवर रमेश कुमार मंडल सहित नगर एवं मुफस्सिल थाना के प्रभारी शामिल हुए। इसके अलावा पुलिस एसोसिएशन, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस केंद्र के जवान भी शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पीताम्बर सिंह खेरवार ने शहीद अमरजीत बलिहार के साहस को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन उन्होंने देश की सेवा में अपनी शहादत दी थी। उन्होंने बताया कि जिस समय यह दुखद हादसा हुआ, उस समय अमरजीत बलिहार पाकुर के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। एक यात्रा के दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर उनके साथ यह घटना घटित हुई थी, जहां उन्होंने वीरगति प्राप्त की। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद की वीरता को प्रेरणादायक बताते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

## ठनका से सुरक्षा को लेकर डीसी ने जागरूकता अभियान चलाने और मुआवजा देने का दिया निर्देश

**दुमका ।** जिला में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से लोगों और मवेशियों की जान जाने की दुखद खबरें सामने आ रही हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ एक बेहद महत्वपूर्ण और आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस प्राकृतिक आपदा से आम जनता को बचाना और प्रभावित परिवारों तक तुरंत मदद पहुंचाना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रहे राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वज्रपात जैसी घटनाओं से लोगों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। स्थानीय अखबारों, रेडियो और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक जरूरी गाइडलाइंस पहुंचाई जाएं ताकि वे खराब मौसम में सतर्क रह सकें और किसी भी तरह की अनहोनी को टाला जा सके। इसके साथ ही उपायुक्त ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि जिन परिवारों ने इस आपदा में अपनों को या अपने मवेशियों को खोया है, उनके मुआवजे से जुड़ी फाइलों को बिना किसी देरी के आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि स्वीकृत मामलों के लाभार्थियों को जल्द से जल्द राहत राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ित परिवारों को इस संकट की घड़ी में तुरंत आर्थिक संबल मिल सके।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत, अस्पताल में ग्रामीणों का हंगामा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** नेशनल हाईवे-133 पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के गंगवारा गांव के समीप गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया और पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया। समाचार लिखे जाने तक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। मृतका की पहचान गंगवारा गांव निवासी जुवेदा खातून(14), पिता मुस्तफा मियां के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जुवेदा घर से गेहूं पिसवाने के लिए गांव स्थित मिल जा रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे-133 पार करने के क्रम में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। बाद में शव को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने दुर्घटना के लिए तेज रफ्तार वाहनों को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया।

मामले की सूचना पर हंसडीहा थाना प्रभारी अजीत यादव पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास करते रहे। हालांकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे और अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा अज्ञात वाहन की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अपार आईडी और ऑनलाइन उपस्थिति पर बीपीओ का अल्टीमेटम, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



**गोपीकांदर।** प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। दो पालियों में चली इस मैराथन बैठक में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए गए। बीपीओ समीम परवेज ने साफ शब्दों में कहा कि बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति और अपार आईडी निर्माण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षक समय सीमा के भीतर इन कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। इसमें कक्षा 1 और 2 के बच्चों के बीच पोशाक वितरण की उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) को फोटो सहित तुरंत जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जून 2026 के प्रयास प्रतिवेदन, एनआईआईपी के तहत असाक्षरों की उल्लास ऐप पर शत-प्रतिशत एंट्री और कक्षा 3 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के डीबीटी के लिए फॉर्मेट 1 और 2 भरकर सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराने को कहा गया। बीपीओ ने ई-कल्याण पोर्टल पर शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए बच्चों के निबंधन, पलाश कार्यक्रम और यू-डायस प्लस पोर्टल पर कक्षा 1, 6, 9 एवं 11 के नवनामांकित बच्चों की एंट्री की स्थिति की भी गहन समीक्षा की।

# साइबर ठगी से बचने का दिया मंत्र, संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा नहीं करने की सलाह

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय साइबर फ्रॉड जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों से बचाव और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सुधांशु कुमार शशि, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय योगेश्वर मनी तथा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सुधांशु




कुमार शशि ने कहा कि फर्जी कॉल, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं, सोशल मीडिया हैकिंग, यूपीआई, क्यूआर कोड और ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड जैसे मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की जरूरत है। जिला मुख्यालय डीएसपी संदीप भगत ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी, यूपीआई पिन या पासवर्ड साझा नहीं करें। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और मोबाइल में केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही एप डाउनलोड करें। कार्यशाला में बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करें, ताकि समय रहते कार्रवाई संभव हो सके।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन सहित पात्र व्यक्तियों को प्राधिकरण के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी, एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

## बीएलओ और पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोपीकांदर।** झारखंड राज्य में 30 जून 2026 से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम प्रारम्भ हो चुका है। एसआईआर का कार्य त्रुटि रहित करने एवं गणना प्रपत्र को लेकर प्रखंड सभागार कार्यालय में संलग्न कर्मियों, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सब-डिवीजन मजिस्ट्रेट सह उप निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़ साईमन मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पूरा प्रशिक्षण सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की देखरेख में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्री-एसआईआर की गतिविधि, जिसमें रेशनलाईजेशन, मैपिंग, सेक्शन, और नोशनल मकान संख्या आदि शामिल हैं, के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही गणना प्रपत्र की जानकारी, गणन पत्र जमा करना, गणना पत्र का डिजीटाइजेशन, मतदाता के प्रकार, एएसडीडी सूची तैयार करना, विभिन्न स्टेक होल्डर के साथ बैठक और दावा-आपत्ति के क्रम में किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कर्मियों को नये छूटे हुए मतदाता के संबंध में अंतिम प्रकाशन तथा अपील, प्रश्न सत्र, मतदाताओं के साथ शालीन व्यवहार और क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण में विशेष रूप से निर्देश दिया गया कि वोटर लिस्ट में दर्ज जन्म तिथि को ही हूबहू प्रपत्र में भरना है। जब आवेदक की जन्म तिथि 01.07.1987 के बाद एवं 02.12.2004 के पहले की हो, तो उनके माता या पिता का नाम गत गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में उपलब्ध होना जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686